वर्ष 24, अंक 219, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 17 फरवरी 2026

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# अब एआई बनेगा भारत की नई शक्ति!



## पीएम मोदी ने इंडिया अकइम्पैक्ट एक्सपो का किया उद्घाटन, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों समेत दुनिया के कई दिग्गज होंगे शामिल

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आज (16 फरवरी) राजधानी राजधानी के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया। यह एक्सपो 16 से 20 फरवरी तक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के साथ आयोजित किया जाएगा और इसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक उपयोग को प्रदर्शित करने वाले एक राष्ट्रीय मंच के रूप में देखा जा रहा है, जो नीति निर्माण, नवाचार और व्यापक कार्यान्वयन को एक ही मंच पर लाएगा। 70,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 क्षेत्रों में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियां, स्टार्टअप, शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थान, केंद्रीय मंत्रालय, राज्य सरकारें और अंतर्राष्ट्रीय भागीदार भाग ले रहे हैं।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान जियो एआई पवेलियन में जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, संस्कृति और स्मार्ट होम सॉल्यूशंस के क्षेत्र में कंपनी के एआई-आधारित परिवर्तन का प्रदर्शन किया। 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री और 500 वैश्विक एआई नेता एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के लिए नई दिल्ली में एकत्रित हुए। एआई इम्पैक्ट समिट तीन मूलभूत स्तंभों या 'सूत्रों' पर आधारित हैः लोग, ग्रह और प्रगति। इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो में 30 देशों के 300 से अधिक प्रदर्शकों के 10 से अधिक विषयगत पवेलियनों में भाग लेने की उम्मीद है।

भारत-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए प्रभाव-उन्मुख और जन-केंद्रित दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है, जिसमें मापने योग्य सामाजिक और आर्थिक परिणामों को प्राप्त करने पर जोर दिया गया है। यह शिखर सम्मेलन तीन मूलभूत स्तंभों पर आधारित है, जिन्हें 'सूत्र' कहा जाता है - एक संस्कृत शब्द जिसका अर्थ है मार्गदर्शक सिद्धांत या आवश्यक सूत्र जो ज्ञान और कर्म को आपस में जोड़ते हैं। ये सूत्र परिभाषित करते हैं कि किस प्रकार बहुपक्षीय सहयोग के माध्यम से सामूहिक लाभ के लिए एआई का उपयोग किया जा सकता है।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप केंद्रित और परिणामोन्मुखी परिणाम दे रहा है। यह समिट सरकार और उद्योग जगत में प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए व्यावहारिक एआई तैनाती, नीतिगत सामंजस्य और संस्थागत समन्वय को बढ़ावा दे रहा है। यह शासन और नियामक ढांचों को मजबूत कर रहा है, एआई-आधारित औद्योगिक विकास के लिए क्षेत्रीय तैयारियों का आकलन कर रहा है और कौशल विकास एवं कार्यबल परिवर्तन को गति दे रहा है। यह समिट एआई अनुप्रयोगों के बारे में जागरूकता बढ़ा रहा है और एआई पारिस्थितिकी तंत्र के जिम्मेदार, समावेशी और नवाचार-संचालित विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार, शिक्षा जगत, स्टार्टअप और उद्योग के बीच स्थायी साझेदारी को बढ़ावा दे रहा है।



### अगले पांच दिन इन प्रोग्राम्स पर रहेगा फोकस

**पांच** दिन चलने वाली इस समिट में कई सेमिनार आयोजित किए जाएंगे. इनमें स्वास्थ्य, उर्जा, शिक्षा, कृषि, सशक्तिकरण और विकलांगताओं में एआई पर केसबुक सहित प्रमुख संग्रह भी प्रकाशित किए जाएंगे. अप्लाइड अकपर भी सेमिनार आयोजित किया जाएगा. साथ ही AI by Her: ग्लोबल इंपैक्ट चैलेंज का आयोजन सुषमा स्वराज भवन में किया जाएगा. इनके अलावा पैनल चर्चा और गोलमेज कॉन्फ्रेंस भी आयोजित समिट के दौरान की जाएगी. एआई इम्पैक्ट एक्सपो का आयोजन भी भारत मंडपम में किया जाएगा.

600 से ज्यादा स्टार्टअप्स और 300 से ज्यादा विदेशी पत्रकार होंगे शामिल

एआई सिस्टम में इंटरनेशनल सपोर्ट को प्रदर्शित करने के लिए 13 देशों के पवेलियन भी बनाए गए हैं. इनमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूके, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, तजाकिस्तान, अफ्रीका, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, और एस्टोनिया के पवेलियन शामिल होंगे. इस समिट में 600 से ज्यादा स्टार्टअप्स हिस्सा लेंगे. इनमें हेल्थकेयर, एग्रीटेक, एजुकेशन, साइबर सिक्योरिटी, अर्बन डेवलपमेंट जैसे तमाम सेक्टर्स के इनोवेशन शामिल हैं. दुनिया का ये ऐसा चौथा आयोजन है, जिसमें करीबन दुनियाभर से 300 से ज्यादा विदेशी पत्रकारों ने रजिस्ट्रेशन कराया है.

## बगावती सुर-अंतर्कलह से इस्तीफे तक...'अपने' ही बढ़ा रहे कांग्रेस की टेंशन!



**असम**

**असम**-पश्चिम बंगाल से लेकर केरल और तमिलनाडु तक, चार राज्यों में चुनावी बिगुल बजने में अब ज्यादा समय बाकी नहीं है, लेकिन इलेक्शन वाले राज्यों में चुनाव से पहले ही कांग्रेस के सामने विरोधियों से दो-दो हाथ करने के अलावा 'अपनों' का साथ बनाए रखने की बड़ी चुनौती है, उनके अपने ही नेता बगावत और विरोध के सुर अख्तियार करते नजर आ रहे हैं. असम में पार्टी अध्यक्ष ने इस्तीफा देकर हलचल मचा दी तो मणिशंकर अय्यर के बयान पर खूब हो-हल्ला मचा है.

असम के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष की नाराजगी

असम में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने सोमवार (16 फरवरी) को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजे इस्तीफे में उन्होंने पार्टी लीडरशिप पर नजरअंदाज करने का आरोप लगाया. उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व को भेजे इस्तीफे में नाराजगी जताते हुए कहा कि आलाकमान संगठन से जुड़े मामलों में समय से और अहम फैसले लेने में नाकाम रहा है. हालांकि बाद में उन्होंने अपना इस्तीफा वापस ले लिया. लेकिन उनके इस्तीफे से अंदरूनी कलह जरूर उजागर हुई.

मणिशंकर अय्यर का निशाना

कांग्रेस के दिग्गज नेता मणिशंकर अय्यर ने अपनी ही पार्टी के नेता पर करारा निशाना साधा.अय्यर ने एक इंटरव्यू के दौरान कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा को ह्यकठपुतलीह्व (स्त्र४स्त्रस्त्री३) बता दिया. यही नहीं तिरुवनंतपुरम सांसद शशि थरूर पर निशाना साधते हुए कहा कि ह्यएंटी-पाकिस्तान बता दिया और ह्यअगले विदेश मंत्री बनने की महत्वाकांक्षा रखने की बात डाली।

## बिहार में अब खुले में नहीं बिकेगा मांस

### नीतीश सरकार ने दिए सख्ती के संकेत

**बिहार**

**बिहार** में अब खुले में मांस नहीं बिकेगा. इसको लेकर बिहार की नीतीश कुमार की सरकार ने सख्ती के संकेत दिए हैं. बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार (16 फरवरी) को कहा कि खुली सड़क पर अब कोई मांस नहीं बिकेगा. किसी की भावना को आहत नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार जिसको लाइसेंस मिला है, उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई होगी. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 'भौकाल' नहीं बनाती, यह सरकार सरोकार से समस्या का समाधान करती है.



विधान परिषद में डिप्टी सीएम सह नगर विकास आवास मंत्री विजय सिन्हा ने कहा, "खुले में मांस की बिक्री नहीं होगी. लाइसेंस धारी ही मांस बेच सकेंगे. मांस बेचने वालों को सभी नियमों का पालन करना होगा, अन्यथा कड़ी कार्रवाई होगी. पूरे बिहार में खुले स्थानों पर मांस की बिक्री नहीं होने दी जाएगी."

मांस की दुकानों को पर्दे या शीशे से ढकना होगा-विजय सिन्हा

बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने आगे कहा, "स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य और व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह फैसला जरूरी है. किसी की भावना को आहत नहीं होने दिया जाएगा. नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी. प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि स्थानीय स्तर पर निगरानी बढ़ाई जाए और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

## क्या राजपाल यादव को हाइट को लेकर हुआ था इनफीरियॉरिटी कॉम्प्लेक्स?

**मुबंई**

**कई** लोग जिंदगी के किसी न किसी मोड़ पर इनफीरियॉरिटी कॉम्प्लेक्स यानी हीन भावना का शिकार हो जाते हैं. यह ऐसी भावना है जो इंसान को भीतर से कमजोर कर देती है और उसे खुद की काबिलियत पर शक होने लगता है. बाहर से सब कुछ नॉर्मल दिखता है, लेकिन अंदर ही अंदर आत्मविश्वास डगमगाने लगता है. एक्टर राजपाल यादव ने इसी विषय पर खुलकर बात की. आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा.

इनफीरियॉरिटी कॉम्प्लेक्स पर क्या बोले राजपाल यादव?

कुछ समय पहले राजपाल यादव ने राज शमानी के साथ बातचीत में इस विषय पर खुलकर बात की. जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें कभी जिंदगी में ह्यइनफीरियॉरिटी कॉम्प्लेक्सह्व हुआ है, तो उन्होंने बेहद दिलचस्प जवाब दिया. राजपाल यादव ने कहा कि कॉम्प्लेक्स दुनिया के हर इंसान को कभी न कभी होता है, लेकिन उसे कैसे लेना है, यही असली बात है. उनके मुताबिक, अगर आप कॉम्प्लेक्स की गिरफ्त में फंस जाएं तो वह आपको कमजोर बना सकता है, लेकिन अगर आप ठान लें कि इसे बदलना है।

## '...गोली चलाने वालों से सम्मान की उम्मीद मूर्खता'

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राज्य के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के संबोधन के दौरान हंगामा करने के लिए समाजवादी पार्टी की कड़ी आलोचना की। विधान परिषद को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य विपक्षी दल का व्यवहार न केवल राज्य के संवैधानिक प्रमुख का अपमान है, बल्कि महिलाओं की गरिमा का भी अपमान है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राज्यपाल का संबोधन एक ऐसा दस्तावेज है जो सरकार की उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना को रेखांकित करता है। उन्होंने आगे कहा कि इस संवैधानिक प्रक्रिया के दौरान मुख्य विपक्षी दल का आचरण अत्यंत निंदनीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल राज्य के संवैधानिक प्रमुख हैं। विपक्षी दल का इस महत्वपूर्ण संवैधानिक पद के प्रति व्यवहार लोकतंत्र को कमजोर करता है... यह घोर अनादर की श्रेणी में आता है। विपक्ष की प्रकृति को देखते हुए, उनसे संवैधानिक प्रमुख का सम्मान करने की अपेक्षा करना मूर्खता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करना और संवैधानिक प्रमुखों के प्रति आदर और सम्मान की भावना बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। हमें ऐसा कोई भी व्यवहार नहीं करना चाहिए जो देश की आने वाली पीढ़ियों को गलत दिशा में ले जाए... जब विपक्ष का ऐसा रवैया हो, तो उनसे ऐसे आचरण की अपेक्षा करना व्यर्थ है।



योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने एक यात्रा शुरू की है... राष्ट्र और विश्व इस बात को स्वीकार करते हैं कि उत्तर प्रदेश में परिवर्तन आया है। दुर्भाग्य से, संकीर्ण एजेंडा चलाने वाली सरकारों ने राज्य के भविष्य और उसके लोगों से समझौता किया है। उन्होंने राज्य को अराजकता, अव्यवस्था और अपराध का गढ़ बना दिया है। दो इंजन वाली सरकार की स्पष्ट नीतियों, इरादों और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता के कारण, हमने उत्तर प्रदेश को देश की अर्थव्यवस्था में एक बाधा से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में बदल दिया है। उत्तर प्रदेश अब राजस्व घाटे से राजस्व अधिशेष की ओर बढ़ गया है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज राज्य में कानून का राज कायम है। राज्य में रिकॉर्ड संख्या में पुलिस भर्तियां हुईं। महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। युवाओं के लिए नई योजनाएं बनाई गईं। आधुनिक पुलिस व्यवस्था और मजबूत साइबर एवं फोरेंसिक बुनियादी ढांचे के विकास के लिए काम किया गया। शून्य सहिष्णुता की संस्कृति ने उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान दी है। राज्य में त्योहारों और मंदिरों से जुड़ी अर्थव्यवस्था फल-फूल रही है... माघ मेले के दौरान 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी नदी में स्नान किया... 2017 से उत्तर प्रदेश में कोई सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी ने समाजवादी पार्टी पर राष्ट्रीय नायकों और धार्मिक परंपराओं का कथित तौर पर अपमान करने का आरोप लगाते हुए उस पर निशाना साधा।

### राजस्थान के भिवाड़ी में आग ने लील ली 8 जिंदगियां

## फैक्ट्री में भीषण आग के बाद मचा कोहराम

**राजस्थान**

**राजस्थान** के भिवाड़ी के खुशखेड़ा करौली औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्लॉट संख्या ॠ1/118इ में सोमवार सुबह भीषण अग्निकांड की घटना सामने आई, जहां संचालित एक निजी औद्योगिक इकाई में अचानक आग भड़क उठी. सुबह 9 बजकर 52 मिनट पर पुलिस नियंत्रण कक्ष से रीको फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, जिसके बाद दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं.

चश्मदीदों के मुताबिक आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया. फैक्ट्री में केमिकल और



ज्वलनशील सामग्री मौजूद होने के कारण लपटें तेजी से फैलीं. प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक हादसे में आठ श्रमिकों की जिंदा जलने से दर्दनाक मौत हो गई. रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान आठ शव बरामद किए गए, जिनमें से कई शव बुरी तरह झुलसकर कंकाल जैसी अवस्था में मिले. बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त फैक्ट्री में करीब 20 से 25 मजदूर काम कर रहे थे, जिनमें से कुछ सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि कई अंदर फंस गए थे.

राजस्थानः शादी में 5 तोला सोने से अधिक लेने-देने पर विराम, छोटे-बड़े का भेद मिटाने का लिया संकल्प

भिवाड़ी फैक्ट्री में बन रहे थे पटाखे?

उधर, घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी, दमकल दल, बचाव टीम और चिकित्सकीय दल तुरंत मौके पर पहुंचे. क्षेत्र की घेराबंदी कर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया. करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. तिजारा डीएसपी शिवराज सिंह, भिवाड़ी एसपी और एडीएम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली.

आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है और प्रशासन ने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं।

## बागपतः परशुरामेश्वर मंदिर के दूध से होगी पशु-पक्षियों की फीडिंग

**बागपत**

**बागपत** से एक बेहद सकारात्मक और प्रेरणादायक खबर सामने आई है, जहां आस्था के साथ-साथ अब संवेदनशीलता और जिम्मेदारी भी देखने को मिल रही है. बागपत के मंदिरों में शिवलिंग पर चढ़ने वाला दूध अब बर्बाद नहीं होगा. उसी दूध से अब पशु-पक्षियों की फीडिंग की जाएगी. इस अनोखी और सराहनीय पहल की शुरूआत बागपत के परशुरामेश्वर मंदिर से जिलाधिकारी अमिता लाल ने की है. मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग पर चढ़ाए जाने वाले दूध को इकट्ठा कराया गया और उससे दर्जनों कुत्तों और बंदरों को दूध पिलाया गया. खास बात यह रही कि डीएम अमिता लाल ने खुद कुत्तों को दूध पिलाकर इस मुहिम की शुरूआत की और समाज को एक मजबूत संदेश दिया.

बेसहारा पशु-पक्षियों को आहार

डीएम ने बताया कि सोशल मीडिया पर अक्सर मंदिरों में दूध की बबार्दी को लेकर तस्वीरें और वीडियो वायरल होते रहते थे. इसी बबार्दी को रोकने और पशु-पक्षियों को भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जीरो वेस्ट योजना के तहत यह कदम उठाया गया है. इस पहल से जहां एक ओर दूध कावेस्टेज रुकेगा, वहीं दूसरी ओर बेसहारा पशु-पक्षियों को आहार भी मिलेगा. बागपत प्रशासन की यह पहल न सिर्फ जिले के लिएबल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक मिसाल बन सकती है।

# प्रयागराज में मंडलीय बाल उत्सव का हुआ भव्य आयोजन, 10 छात्र 'चैंपियन ऑफ चेंज' चुने गए

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** आदर्श कंपोजिट विद्यालय, सीपीआई नगर क्षेत्र में सोमवार को मंडलीय बाल उत्सव प्रगति स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) संजय कुमार कुशवाहा ने की। मुख्य अतिथि संयुक्त विकास आयुक्त मत्स्य नाथ त्रिवेदी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर उत्सव का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में मंडल के विभिन्न जनपदों से आए छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने स्वाभिमान और सफलता से जुड़ी प्रेरक कहानियों के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए। मीना मंच एल्युमिनी ने अपने संघर्ष और उपलब्धियों की गाथा सुनाकर उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया। अभिभावकों ने भी मीना मंच से जुड़ाव के बाद बच्चों में आए सकारात्मक बदलावों को साझा किया।

जनपद प्रयागराज के सेल्फ एस्टीम कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पांच थीम आधारित स्टॉल लगाए गए, जहां बच्चों को अपने सपनों और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का अवसर मिला। बालिका शिक्षा के जिला नोडल शत्रुंजय शर्मा ने बताया कि जनपद स्तर पर ह्यमेरी बदलाव की कहानीह्न, कॉमिक बुक एवं पोस्टर निर्माण गतिविधियां आयोजित की गई थीं। चयनित प्रविष्टियों के आधार पर मंडल के चारों जनपदों से 40 प्रतिभागियों ने स्टॉल पर अपनी प्रस्तुति दी। प्रवक्ताओं द्वारा मूल्यांकन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ के जिला नोडल आशुतोष निर्मल और अंतरिक्ष शुक्ला ने सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक नोडल, नगर क्षेत्र अनुरागिनी सिंह ने किया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी मंडल मुख्यालय हरिश्चन्द्र गिरि ने बताया कि प्रत्येक जिले से चयनित 10 विद्यार्थियों के साथ एक शिक्षक/मीना मंच सुगमकर्ता एवं दो अभिभावकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। मंडल मुख्यालय प्रयागराज से 50 छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

अध्यक्षीय संबोधन में संजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को पांच समूहों में विभाजित कर प्रत्येक समूह को क्रमवार सभी पांच स्टॉल गतिविधियों में भाग लेने का अवसर दिया गया। प्रत्येक स्टॉल पर प्रदर्शन के आधार पर एक से पांच अंक प्रदान किए गए। कुल अंकों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों को ह्यचैंपियन ऑफ चेंजह्न के रूप में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए चयनित किया गया है। इन चयनित विद्यार्थियों के नाम राज्य परियोजना कार्यालय को भेज दिए गए हैं। राज्य स्तरीय ह्यचैंपियन ऑफ चेंजह्न कार्यक्रम फरवरी माह के अंत में आयोजित होगा।

## मांडा में श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा में भंडारा

**महाशिवरात्रि के बाद महंत मोहित गिरी के सानिध्य में हुआ आयोजन**

**मांडा।** पहाड़ी पर स्थित श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा में महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के बाद सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन अखाड़ा के अध्यक्ष महंत मोहित गिरी के सानिध्य में संपन्न हुआ। भंडारे में मांडा और आसपास के क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रयागराज के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और मांडा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अशोक सिंह तथा समाजसेवी सुजीत केशरी भी उपस्थित रहे। उन्होंने अखाड़ा अध्यक्ष महंत मोहित गिरी से भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अखाड़े साधुओं में वन बाबा के अलावा महेश मिश्रा, विकास पाण्डेय, ब्लॉक कंप्यूटर ऑपरेटर महेश कुमार गौड़ और मनरेगा एपीओ प्रदीप रस्तोगी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## न्यूज झरोखा

### तहसीलदार ने महाशिवरात्रि मेले का औचक निरीक्षण किया



**मांडा।** क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित मेले का तहसीलदार यमुना प्रसाद वर्मा ने रविवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अपनी टीम के साथ मेले में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, तहसीलदार वर्मा ने दर्शनार्थियों को मंदिर परिसर में धूपबत्ती जलाने से मना किया। उन्होंने बताया कि धूपबत्ती के धुएं से पीपल के पेड़ पर लगी मधुमक्खियां उड़ सकती हैं, जिससे श्रद्धालुओं को नुकसान होने की आशंका है। इस संभावित खतरे को देखते हुए, उन्होंने धूपबत्ती जलाने पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया। साथ ही, पुलिस प्रशासन को मेले में कड़ी निगरानी रखने और निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा। तहसीलदार यमुना प्रसाद वर्मा ने मांडा क्षेत्र के कई अन्य मंदिरों का भी औचक दौरा किया। उन्होंने वहां भी दर्शनार्थियों को सुरक्षा और व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मौके पर हल्का लेखपाल अमर नाथ आदिवासी, मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा,एस आई शिव कुमार गोयल आदि भ्रमण करते रहे ।

### महाशिवरात्रि पर मांडा में निकली शिव बारातः विभिन्न कस्बों में झांकियां, भक्तों की भीड़ उमड़ी



**मांडा।** क्षेत्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात धूमधाम से निकाली गई। महाशिवरात्रि युवा मंडल मांडा के तत्वावधान में आयोजित इस बारात में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुबह 7 बजे से ही श्रद्धालु मंदिरों में उमड़ने लगे थे। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और बेलपत्र चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं मांगीं। शिवालय 'बम-बम भोले' के जयकारों से गूंज उठे। इस दौरान भजन-कीर्तन और भंडारे का भी आयोजन किया गया। रविवार को भगवान शिव की बारात मांडा के विभिन्न कस्बों से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। इसमें भगवान के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालु डीजे की धुन पर अबीर-गुलाल लगाकर नाचते-गाते चल रहे थे। बारात मंदिर परिसर से शुरू होकर पहाड़ी पर स्थित बूढ़े नाथ शिव मंदिर होते हुए रानी तालाब शिव मंदिर पर संपन्न हुई। मांडा क्षेत्र के रानी तालाब के पास स्थित अति प्राचीन भोलेनाथ मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। काली मां के चौराहे पर आने-जाने वाले लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। इसी तरह भारतगंज, चिलबिला और मांडा रोड जैसे अन्य क्षेत्रों में भी भव्य शोभा यात्राएं निकाली गईं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा और पैनी नजर रखी।

### नैनी में महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ा भक्तों का रेला, गूंजते रहे जयकारे



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में देवाधिदेव महादेव की अराधना के महापर्व महाशिवरात्रि पर नैनी में भोले भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। अरैल क्षेत्र में श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर समेत सभी शिवालयों में भक्तों की लंबी कतार लगी रही। नैनी क्षेत्र के स्टेशन रोड पर श्री राम जानकी मंदिर में महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने वालों भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। वही मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। ठंडाई साबूदाना की खीर का भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं हनुमान नगर स्थित शिव मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। समाजसेवी योगेश चौरसिया, पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल, राम ताड़क चौरसिया के सौजन्य से भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पुजारी नंदू महाराज, मंदिर अध्यक्ष त्रिभुवन नाथ चौरसिया, लखन लाल केशरवानी, अनिल चौरसिया, संजय राठौर, राजेश जायसवाल चच्चू, शंकु चौरसिया, मंकू चौरसिया, शंकू चौरसिया मौजूद रहे। वहीं पंजाबी हाता स्थित शिव मंदिर में मंदिर के पुजारी मनीष शुक्ला के भक्तों के सौजन्य से ठंडाई व भंडारे की भव्य व्यवस्था की गई जहां हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई के छात्र सतीश वर्मा ने कांस्य पदक जीता




**जंघई।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में रविवार को संपन्न हुई अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय क्रास-कंट्री प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने कांस्य पदक जीता। इस टीम के सदस्य के रूप में नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई के बीए पंचम सेमेस्टर के छात्र सतीश कुमार वर्मा ने अपनी रेस को 29 मिनट में फिनिश करते हुए पूर्वांचल की टीम को कांस्य पदक जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रबंधक पंडित परशुराम त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ नीरज, शारीरिक शिक्षा एवं खेल प्रभारी डॉ. बृजेश यादव तथा समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सतीश को क्रास-कंट्री में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। इसके पहले जनवरी में ही सतीश ने आल-इंडिया इंटर- यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स की हॉफ मैराथन में भी कांस्य पदक जीता था। इस प्रकार इस सत्र में नागरिक महाविद्यालय को कुल दो नेशनल मेडल प्राप्त हुए जो कि महाविद्यालय के लिए बड़े ही गर्व का विषय है।

### अवन्तिका विकास समिति के महिला प्रकोष्ठ द्वारा भजन संध्या में जुटे भक्तगण

**नैनी।** नैनी अवन्तिका विकास समिति के महिला प्रकोष्ठ द्वारा बी ब्लॉक के जल देवता मन्दिर पार्क में स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ ही भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। गायकों ने भोजपुरी, होलीगीत एवं फिल्मी गीतों की धुनों पर आधारित भजन सुनाकर लोगों का मन मोह लिया।

## हर हर महादेव से गूंजा चनेथू गांव, चौरा माता एवं शिव मंदिर में चढ़ाया निशान



**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** चौरा माता मंदिर चनेथू डीह से गांव एवं क्षेत्र के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है प्रतिदिन पूजन, अर्चन हेतु श्रद्धालु मंदिर आते हैं। गांव क्षेत्र के लोग मन्नत मांगते है जो कि चौरा माता के आशीर्वाद से पूर्ण भी होती है। महाशिवरात्रि के अवसर पर चनेथू चौराहा के निवासी जज्जे यादव अपने परिजनों एवं ग्रामवासियों संग मनोकामना पूर्ण होने पर डीजे के संग नाचते गाते एवं गांव वालों के साथ सपरिवार अपने घर पर स्थित महादेव मंदिर एवं चौरा माता मंदिर पहुंचें और निशान चढ़ाया। इस अवसर पर जेके सिंह जज्जे यादव, इंद्रजीत यादव, बृजलाल यादव, राकेश मौर्य, आकाश मौर्य, मातेश्वर भारतीया, कान्हा यादव, रिंकू बनवासी सहित तमाम भक्त गण मौजूद रहे।

## फॉर्मर रजिस्ट्रेशन में व्यस्त रहे राजस्वकर्मी

**मांडा।** फार्मर रजिस्ट्रेशन अभियान के चलते राजस्व विभाग के कर्मचारी गांवों के शिविरों में व्यस्त रहे, जिससे थाना समाधान दिवस औपचारिकता बनकर रह गया। राजस्व कर्मियों की अनुपस्थिति में भूमि संबंधी मामलों पर सुनवाई नहीं हो सकी और कई फरियादी बिना निस्तारण के लौट गए। समाधान दिवस की अध्यक्षता मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने की। राजस्व से जुड़े प्रकरण अधिक होने के बावजूद संबंधित कर्मचारी मौजूद नहीं रहे, जिससे शिकायतकताओं में निराशा दिखी। नायब तहसीलदार मेजा यमुना प्रसाद वर्मा ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्रेशन के तहत गांवों में विशेष शिविर लगाए गए थे। इसी कारण राजस्वकर्मी समाधान दिवस में नहीं पहुंच सके।

## होटल में लाखो के जेवर चोरी करने के मामले मे तीन साल बाद पकड़ी गई 25 हजार इनामी महिला एमपी से गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित एक होटल में जज के भतीजे के सगाई समारोह के दौरान गहने, 1.40 लाख रुपये की नकदी, मोबाइल फोन आदि सामान से भरा बैग चुराने के मामले में फरार चल रही 25 हजार की इनामी महिला आरोपी को पुलिस ने मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। मूलरूप से मध्यप्रदेश के राजगढ़ निवासी बीना बाई मई 2022 से फरार चल रही थी। रविवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मई 2022 को जज के भाई ने पुलिस को बताया था कि सिविल लाइंस के एक होटल में बेटे का सगाई समारोह था। इसी दौरान रात करीब 8:50 बजे पता चला कि बैग चोरी हो गया है। इसमें हीरे, सोने व चांदी के जेवरात, 1.40 लाख रुपये की नकदी, मोबाइल फोन, घर की चाबी व अन्य सामान था। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जांच में पता चला कि जैकी गैंग ने घटना को अंजाम दिया है। इसके बाद सिविल लाइंस पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मध्य प्रदेश राजगढ़ निवासी जैकी कुमार सांसी, कुणाल, संतोष सांसी, कोहिनूर सांसी व नैनी निवासी रामू पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद हो गया। आरोपी बीना फरार चल रही थी। उसने ही चोरी की घटना से पहले होटल की रेकी की थी। सिविल लाइंस थाना प्रभारी रामाश्रय यादव ने बताया कि बीना पर 20 मई 2022 को 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। शनिवार को उसे मध्य प्रदेश के राजगढ़ के बोड़ा थाना क्षेत्र से पकड़ लिया गया।

## त्रयंम्बकेश्वर मन्दिर से धूम-धाम के साथ निकली शंकर जी की बारात



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी अवन्तिका कालोनी सी ब्लॉक में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर से ढोल ताशा, डीजे के साथ भव्य शिव बारात निकाली गई तथा शाम को भजन संध्या एवं भंडारा प्रसाद का दिव्य आयोजन हुआ। बग्घी पर सवार शंकर जी के आगे-आगे बरातियों के रूप में शिव भक्तों की टोली उमंग व उत्साहपूर्वक नाचते-गाते चल रही थी, जिसमें भारी संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल रहे। उक्त जानकारी देते हुए श्री त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर समिति के अखिलेश सिंह ने बताया कि शिव बारात मन्दिर परिसर से निकल कर डी ब्लॉक, पुलिस चौकी चौराहा,चन्द्रलोक चौराहा, पाठक मार्केट से होते हुए वापस मन्दिर परिसर में सम्पन्न हुई। उक्त आयोजन में प्रमुख रूप से पूर्व आईजी सी पी सिंह, वरिष्ठ पत्रकार जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, अवन्तिका विकास समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष अनिल द्विवेदी, महामंत्री रणबीर सिंह, अवंतिका रामलीला कमेटी के वीबी सिंह, अवधेश पाण्डेय, समाजसेविका आस्था पाण्डेय, नरेन्द्र मिश्र, वेद प्रकाश सहित नैनी कोतवाल बृजकिशोर गौतम, चौकी प्रभारी अमित कुमार हमराहियों के साथ शामिल रहे। कार्यक्रम संयोजन में राजेश सिंह, अर्जुन सिंह, संजय सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, राजेन्द्र भदौरिया, गोपाल चौबे, विवेक द्विवेदी, आरपी पाण्डेय, अशोक श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र सिंह, एस एन राय, अश्विनी चौबे, आलोक गुप्ता, सुनील सिंह, रेवती रमण पाण्डेय, आशुतोष श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव अनामिका सिंह, ज्योति सिंह, मधू मिश्रा, ज्योति गुप्ता, सीमा द्विवेदी, विमला यादव, नन्दिनी शुक्ला आदि की सक्रिय सहभागिता रही।



## कुंदौरा महादेव का भव्य श्रृंगार एवं महाआरती का आयोजन

**जंघई।** कुंदौरा महादेव आरती समिति के संयोजन में प्रतिदिन शाम को देवाधिदेव कुंदौरा महादेव का वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ भव्य श्रृंगार करके महाआरती किया जा रहा है। महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार सायंकाल में भगवान शिव का भव्य श्रृंगार गेंदा, बेलपत्र, लाल कमल समेत कई तरह के पुष्प से किया गया तथा छप्पन भोग लगाकर भोले बाबा का दुग्धाभिषेक किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में मौजूद रहे हर हर महादेव और बोलबम की जयघोष से पूरा वातावरण गुंजित हो गया। शिव श्रृंगार के बाद महाआरती का आयोजन किया गया। मुख्य पुजारी पंडित शुभम तिवारी ने बताया कि देवाधिदेव का ढोल-मृदंग, घंटा घड़ियाल के साथ विभिन्न फूल मालाओं से तोरण बनाकर गंगाजल स्नान, दुग्ध स्नान, धतूरा स्नान, अष्टगंध भस्म, डमरु साज के साथ भव्य श्रृंगार पूजन अर्चन करके महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुंदौरा महादेव आरती समिति के पदाधिकारियों में अध्यक्ष बालकृष्ण तिवारी, मुख्य आचार्य जितेंद्र पांडेय, गोलू पंडित, जितेंद्र पांडेय, ऋषभ मिश्रा, अग्नि देव पांडेय, आशीष मिश्रा, सर्वेश माली, अभिषेक मिश्रा, अखिलेश तिवारी, आशुतोष तिवारी, विवेक मिश्रा, हर्ष तिवारी, लकी पांडेय, सत्यम तिवारी, नितिन तिवारी, अनंत पांडेय, विपुल पांडेय, प्रिंस पांडेय एवं हरिप्रसाद मिश्र प्रधान, अशोक तिवारी, काशीनाथ शुक्ला, शिवशंकर तिवारी, राजेंद्र शुक्ल, रामसुंदर तिवारी पूर्व प्रधान, पंडित शेखर तिवारी,पंडित संजय पांडेय, सोनू तिवारी, रितेश पांडेय, पवन पांडेय आदि लोग शामिल रहे।



## बीएलओ कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी, सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**



**बारा ।** प्रयागराज तहसील बारा के ओसा गांव में बीएलओ के रूप में कार्यरत शिक्षामित्र के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जिलाध्यक्ष वसीम अहमद ने ज्ञापन में बताया कि प्राथमिक विद्यालय सोनवर्षा में कार्यरत शिक्षा मित्र संतोष कुमार को बूथ नं.249 पर शनिवार को गांव के ही कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से जाति सूचक गाली देते हुए धमकी दी गई और मारपीटा गया। शंकरगढ़ अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा एस आई आर जैसे अतिमहत्वपूर्ण कार्य में संलग्न बीएलओ के साथ की गई घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन और थाने को दी गई, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जनपद प्रयागराज के समस्त शिक्षा मित्र कार्य बहिष्कार हेतु विवश होंगे। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और शिक्षा मित्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। इस मौके पर आशा देवी, परवीन बानो, अरुण सिंह, राघवेंद्र सिंह, सुमंत तिवारी, दशरथ लाल भारती, राकेश कुमार, पूरन कुमार, उमाशंकर जायसवाल, राजेश पटेल, सुरेश सिंह, मकसूद अहमद सहित कई शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

## मांडारोड रेलवे क्रॉसिंग पर रोजाना जाम से जनजीवन बेहाल, यात्री परेशान

### अधूरा ओवरब्रिज बना उम्मीद और निराशा का प्रतीक, मुआवजे में देरी से रुका निर्माण

**अखंड भारत संदेश**



**मांडा।** रेलवे स्टेशन के समीप स्थित मांडारोड डेंगूरपुर रेलवे क्रॉसिंग इन दिनों क्षेत्रीय जनता के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन चुकी है। दिल्लीझहावड़ा मुख्य रेलवे लाइन पर ट्रेनों की लगातार आवाजाही के चलते फाटक बार-बार बंद होता है, जिससे महेवा और डेंगूरपुर को जोड़ने वाले इस व्यस्त मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। यह मार्ग गंगा पर बने पीपा पुल के कारण गंगापार क्षेत्र को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क रास्ता है। प्रतिदिन सैकड़ों दोपहिया, चारपहिया और मालवाहक वाहन इसी रास्ते से गुजरते हैं। लेकिन फाटक बंद होते ही दोनों ओर आधे-आधे घंटे तक जाम की स्थिति बन जाती है। नतीजतन स्कूली छात्र-छात्राएं, मरीज, नौकरीपेशा लोग और व्यापारी वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार एंबुलेंस और अन्य जरूरी सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। ऐसे में किसी आपात स्थिति में गंभीर परिणाम की आशंका बनी रहती है। बढ़ते यातायात दबाव के बीच यह रेलवे क्रॉसिंग अब क्षेत्र का स्थायी ह्यजाम प्वाइंटह्न बन चुकी है।

समस्या के समाधान के लिए रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य करीब छह माह पूर्व शुरू हुआ था। शुरूआत में लोगों को उम्मीद जगी थी कि जल्द ही जाम से निजात मिलेगी। लेकिन वर्तमान में निर्माण कार्य एक ओर से ठप पड़ा है। अधूरा ओवरब्रिज अब क्षेत्रवासियों के लिए उम्मीद और निराशा, दोनों का प्रतीक बन गया है।

जानकारी के अनुसार कुछ प्रभावित परिवारों को अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है, जिसके चलते निर्माण कार्य बाधित है। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि मुआवजा प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। उनका कहना है कि यदि ओवरब्रिज का निर्माण समयबद्ध तरीके से पूरा हो जाए तो न केवल जाम की समस्या का स्थायी समाधान होगा, बल्कि गंगापार और मुख्य मार्ग के बीच आवागमन भी सुगम हो जाएगा।

अब क्षेत्र की जनता की निगाहें प्रशासनिक पहल और निर्माण कार्य की रफ्तार पर टिकी हैं। लोगों को उम्मीद है कि जिम्मेदार विभाग इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता देकर शीघ्र ठोस कदम उठाएंगे, ताकि रोजमर्रा की इस परेशानी से राहत मिल सके।

**आवश्यकता है**

**प्रतिभा उच्च शिक्षा संस्थान**
**सम्बद्ध प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भईया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज**
निम्न पदों हेतु सहायक आचार्य की आवश्यकता है-
स्नातक स्तर कला संकाय
संस्कृत -01 पद
वेतन यू0 जी0 सी0 मानकानुसार विज्ञापन प्रकाशन के 10 दिनों के अन्दर आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा करें
**प्रबन्धक/सचिव**
**प्रतिभा उच्च शिक्षा संस्थान**
**फूलपुर उर्फ शेखपुर प्रयागराज**
**मो.न.8707046593, 9452145821**
ई-मेल pratibhaucchsiksha@gmail.com

# प्रयागराज में ज्वैलर्स की दुकान में चोरी का खुलासा, 4 शातिर गिरफ्तार

## 450 ग्राम सोना, 1.8 किलो चांदी और दो बाइक बरामद

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** शहर के कैण्ट थाना क्षेत्र में ज्वैलर्स की दुकान का शटर उखाड़कर लाखों के आभूषण चोरी करने की वारदात का पुलिस ने सफल अनावरण कर दिया है। थाना कैण्ट पुलिस, एसओजी नगर और सर्विलांस सेल की संयुक्त कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 450 ग्राम पीली धातु (सोना), 1.8 किलो सफेद धातु (चांदी) तथा घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं।

पुलिस के अनुसार, 13 फरवरी 2026 को गंगानगर नेवादा राजापुर निवासी प्रियांशु वर्मा ने सूचना दी थी कि अज्ञात चोरों ने उनकी सोने-चांदी की दुकान का शटर तोड़कर दुकान में रखे आभूषण चोरी कर लिए हैं। मामले में थाना कैण्ट में मु0अ0सं0 38/2026 धारा 331(4)/305(अ) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया। सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर सोमवार को काली पल्टन बाबा जी की कुटी के पास से चार आरोपियों को दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पहले दुकानों और मकानों की रेकी करते थे। वारदात के समय एक साथी बाहर वाहन लेकर खड़ा रहता था और आने-जाने वालों पर नजर रखता था। चोरी के सामान को बेचकर वे अपने शौक और खर्च पूरे करते थे।

**ये हुए गिरफ्तार**

गिरफ्तार आरोपियों में गौरव कनौजिया उर्फ मुकुल (मीरापुर, अतरसुइया), बकरीदउल शेख उर्फ पोपो (साहिबगंज, झारखंड), समीउल शेख उर्फ छोटू (साहिबगंज, झारखंड) और परवेज आलम उर्फ तौशीफ उर्फ नेपाली शामिल हैं। सभी वर्तमान में करैली क्षेत्र में रह रहे थे।

**बरामदगी का ब्योरा**

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 450 ग्राम सोना और 1 किलो 800 ग्राम चांदी बरामद की है। साथ ही घटना में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर और एफजेड मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है।

**आपराधिक इतिहास भी सामने आया**

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपियों में से कुछ के खिलाफ पूर्व में भी चोरी और अन्य आपराधिक मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि गिरोह शहर और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय था।

थाना कैण्ट प्रभारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई को पुलिस ने बड़ी सफलता बताया है। आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बड़े पिता के साथ बाइक से केक लेने जा रहा था अद्धविक, चाइनीस मांझे से कटा गला

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रतिबंध के बावजूद शहर में चाइनीज मांझे की बिक्री और इस्तेमाल लगातार लोगों के लिए खतरा बनता जा रहा है। रविवार शाम दारागंज के पूरा पड़ाइन इलाके में दो साल का मासूम अद्धविक सोनकर अपने बड़े पापा जितेंद्र सोनकर के साथ बाइक से केक लेने जा रहा था, तभी तेज धार वाले मांझे के धागे में उसका गला फंस गया। हादसे में बच्चे को बाल-बाल बचाया गया।परिवार के मुताबिक, घटना के दौरान बाइक तुरंत रोकी गई। कुछ सेकंड की देरी जानलेवा साबित हो सकती थी। बच्चे को हल्की चोट आई है, लेकिन परिवार और आसपास के लोग इस घटना को बेहद गंभीर मान रहे हैं।

हाल ही में सिविल लाइंस में भी निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी महेंद्र सिंह इसी तरह चाइनीज मांझे की चपेट में आकर घायल हो गए थे। लखनऊ में भी इसी तरह की घटनाओं के बाद प्रशासन ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए थे, लेकिन प्रयागराज में हालात जस के तस बने हुए हैं।दारागंज, कीडगंज और खुल्दाबाद में बढ़ा खतरास्थानीय लोगों के अनुसार दारागंज, कीडगंज और खुल्दाबाद इलाकों में प्रतिबंधित मांझे खुलेआम बिक रहे हैं। सबसे ज्यादा खतरा बाइक सवारों, बच्चों और राहगीरों के लिए है।चाइनीज मांझा न केवल इंसानों के लिए खतरनाक है, बल्कि पक्षियों के लिए भी घातक साबित हो रहा है। यह नायलॉन और धातु मिश्रित धागा तेज धार की तरह काम करता है, जो चोट लगने पर गंभीर परिणाम दे सकता है।

पुलिस और प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे ऐसे मांझे के इस्तेमाल और बिक्री के खिलाफ सख्त कदम उठाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अधिकारियों को दें।

# मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने किया चांद खमरिया कृष्ण मृग आरक्षित क्षेत्र का निरीक्षण, संरक्षण और विकास के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



**मेजा प्रयागराज।** चांद खमरिया कृष्ण मृग आरक्षित संरक्षित क्षेत्र की सुरक्षा और संवर्धन को लेकर आज मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने मेजा तहसील परिसर में उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में वन विभाग, लघु सिंचाई, भू सुधार, राजस्व, ग्राम विकास, पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और क्ळफ्क्रअळ एवं हहत्र के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्र के विस्तार, संरक्षण और विकास को लेकर रणनीति बनाई गई। वन विभाग के डीएफओ अरविंद कुमार यादव ने बताया कि आरक्षित क्षेत्र वर्तमान में 126 हेक्टेयर भूमि पर फैला है और यहाँ संकटग्रस्त प्रजाति कृष्ण मृग का संरक्षण किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र की स्थापना प्रक्रिया, भूमि विवरण और अब तक की प्रगति की जानकारी दी। मंडलायुक्त ने बैठक में कई ठोस निर्देश दिए। राजस्व विभाग और मेजा एसडीएम को 126 हेक्टेयर भूमि का नक्शा तैयार कर स्थलीय निरीक्षण के बाद वन विभाग को सुरक्षित हस्तगत करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही ग्राम समाज की अन्य भूमि को चिन्हांकित कर मजबूत बाउंड्री निर्माण का कार्य ग्राम विकास विभाग से कराने को कहा गया। बैठक के बाद मंडलायुक्त ने आरक्षित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कृष्ण मृगों को विचरण करते हुए देखा और क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के आधार पर उन्होंने संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए:

वर्षा जल संचयन एवं भू-जल स्तर पुनर्भरण के लिए बंधियों का निर्माण।

घास के मैदान विकसित करना और वृक्षारोपण करना। पूरे आरक्षित क्षेत्र की सीमा की सुरक्षा, बाड़बंदी और निगरानी। मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि इन निदेर्शों का पालन कड़ाई से किया जाए और प्रगति की समीक्षा के लिए जल्द ही अगली बैठक आयोजित की जाएगी। यह पहल प्रयागराज जिले में वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी और स्थानीय समुदायों के सहयोग से संकटग्रस्त प्रजातियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

# सिर कूचकर की हत्या, सड़क किनारे पड़ी मिली लाश

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बाजहा दौलतपुर में रविवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब 24 वर्षीय युवक कुलदीप का खून से लथपथ शव उसके ही जिगरी दोस्त के घर के बाहर सड़क किनारे मिला। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दोस्त समेत चार परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

दौलतपुर निवासी किसान रामसूरत का पांचवां बेटा कुलदीप (24) गांव के ही मुन्ना बिंद का गहरा दोस्त था। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों की दोस्ती इतनी पक्की थी कि वे दिन-रात साथ रहते थे और अक्सर मुन्ना के घर पर ही सोते थे। बताया जा रहा है कि दोनों नशे के आदी भी थे। शनिवार की रात भी दोनों साथ थे, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि यह उनकी आखिरी मुलाकात होगी। रविवार सुबह जब कुलदीप का शव मुन्ना के घर के बाहर मिला, तो उसके सिर पर गहरे घाव के निशान थे। सूचना पर पहुंचे एसीपी दारागंज विमल किशोर मिश्रा और थाना प्रभारी महेश मिश्रा ने फॉरेंसिक व डॉग स्क्वायड के साथ जांच शुरू की। पुलिस को मुन्ना के कमरे के अंदर फर्श पर खून के छींटे, शराब की खाली बोतलें और गिलास मिले हैं। आशंका है कि शराब पीने के दौरान हुए विवाद में कुलदीप पर लकड़ी के फट्टे से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया। कुलदीप की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पिता रामसूरत ने मुन्ना बिंद, उसके भाई पप्पू, देशी बिंद और मां बबनी के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दो नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही हत्या की असली वजह साफ हो जाएगी।

# एनजीबीयू में पांच दिवसीय रिसर्च मेथाडोलॉजी कोर्स का हुआ भव्य शुभारंभ

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित पांच दिवसीय रिसर्च मेथाडोलॉजी कोर्स नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय प्रयागराज के शशि परिसर शोध केंद्र में उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि ईश्वर शरण पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो० आनंद शंकर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि सीखने की प्रक्रिया शिक्षा है वही अंडरस्टैंडिंग है। ज्ञान का विस्तार ही शोध है। हमारा सम्पूर्ण चिंतन हमारे शोध में कहां है ये भी विचार करना और इसका समावेशन करना जरूरी होता है। आपका शोध भारतीयता को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ना चाहिये और अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० रोहित रमेश ने कहा कि रिसर्च पैराडाइम पर इस तरह के कार्यक्रम शोध की गुणवत्ता के लिए आवश्यक हैं। शोधार्थियों के लिए गहनता से रिसर्च मेथडलॉजी की समझ होनी चाहिए। काशी विद्यापीठ के प्रो० रमाशंकर त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि रिसर्च मेथडलॉजी और पैराडाइम्स को भी कम कर के नहीं आंका जा सकता है अपितु शिक्षकों, शोधार्थियों के लिए यह कार्यशाला महत्वपूर्ण है, के प्रति कुलपति डॉ० एस० सी० तिवारी ने कहा कि रिसर्च मेथडलॉजी के पांच दिवसीय कोर्स से शोध छात्रों को रिसर्च डिजाइन बनाने में लाभ होगा। स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक डॉ० राघवेंद्र मालवीय ने किया। विश्वविद्यालय का परिचय डॉ० रमेश चंद्र मिश्रा ने किया और कार्यक्रम का परिचय डॉ० विधुशेखर पाण्डेय ने दिया। उद्घाटन सत्र में ही डॉ राघवेंद्र मालवीय एवं डॉ साधना त्रिपाठी के पुस्तक का लोकार्पण किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ० हिमांशु शेखर सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव एस० एस० मिश्रा ने दिया। उद्घाटन सत्र के पश्चात दो तकनीकी सत्रों का भी आयोजन हुआ। प्रथम तकनीकी सत्र के वक्ता प्रो० पी के पांडेय उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय एवं दूसरे तकनीकी सत्र के वक्ता डॉ सब्यसाची, संकायाध्यक्ष शैक्षिक, नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय रहे कार्यक्रम में डॉ आलोक मिश्रा, डॉ श्रावण कुमार, डॉ संतेश्वर मिश्रा , डॉ विधु शेखर, डॉ शिवाश्रेय यादव, डॉ देवेंद्र यादव, डॉ किरण सिंह, सहित देश भर के कई विश्वविद्यालय के शोध छात्र, शिक्षकगण बड़ी संख्या में मौजूद रहते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी की अहम्‍ भूमिका रही।

# जिलाधिकारी ने मेजा में स्वास्थ्य केंद्र और खंड विकास कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए सख्त निर्देश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सोमवार को मेजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और खंड विकास अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं, मूलभूत व्यवस्थाओं और विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा वितरण, वार्ड, चिकित्सक और स्टाफ की उपस्थिति, चिकित्सकीय उपकरणों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, कूड़ा प्रबंधन और मरीजों के बैठने की सुविधाओं का विस्तृत मूल्यांकन किया। जिलाधिकारी ने दवा वितरण कक्ष में आयरन एंड फोलिक एसिड और बिटाडीन जैसी दवाओं की अत्यधिक स्टॉक और अप्रैल, 2026 तक की एक्सपायरी डेट पर नाराजगी जताते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी से देर से दवाइयां उपलब्ध कराने का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पुरुष वार्ड में बाहरी कर्मचारी कार्य करते पाए जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया।

साफ-सफाई की कमी, शौचालयों की नियमित सफाई न होना और कूड़ा संग्रहण में अनियमितता पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने चिकित्सालय परिसर में अभियान चलाकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों के बैठने और पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए खंड विकास अधिकारी और एनटीपीसी के माध्यम से कदम उठाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में नियुक्त चिकित्सकों की ड्यूटी विवरण बोर्ड पर लगाने, वार्ड में भर्ती मरीजों का विवरण चस्पा करने और एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। सभी स्टाफ को समय पर ड्यूटी में उपस्थित रहने का आदेश दिया गया। इसके बाद जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर बजट उपयोग और विकास कार्यों की प्रगति का आकलन किया। 13वें वित्त आयोग, गौशाला अनुरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, विधायक निधि, रोजगार सेवक और मनरेगा मदों में धनराशि शेष होने पर नाराजगी जताते हुए बजट का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन और अनारंभ आंगनबाड़ी केंद्रों को जल्द पूरा करने, 30 ग्रामों में चल रहे मनरेगा कार्य शीघ्र समाप्त करने और कार्यालय परिसर में साफ-सफाई, पेयजल और आगंतुकों की बैठने की सुविधाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मेजा सुरेन्द्र यादव, जिला विकास अधिकारी जी.पी. कुशवाहा, खंड विकास अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कच्चा मकान के स्थान पर पक्का मकान निर्माण करना महिला को पड़ा भारी, बुजुर्ग भी परेशान

– जबरन गरीबों की भूमि पर डाका डालने एवं पीतल की मूर्ति को सोने की मूर्ति बताकर क्षेत्र में लोगों साथ ठगी करने वाले हथियारों से लैस आधा दर्जन अपराधियों के सरेआम आतंक एवं गुंडई से मेजा के मेड़रा गांव की महिला एवं उसका परिवार संकट में –

**भूमाफियाओं द्वारा दी गई हत्या की धमकियों से भयभीत पीड़िता रीता देवी बिंद और पीड़ित बच्चन बिंद ने एसडीएम मेजा को शिकायती पत्र देकर लगाई कार्यवाही की गुहार**

**मेजा।** कथित भूमाफियाओं एवं पीतल की मूर्ति को सोने चांदी की मूर्ति बताकर ठगी के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के आतंक एवं गुंडई से एक महिला और उसका परिवार इन दिनों संकट में हैं। कई अरसा पूर्व बने अपने पक्का मकान के सामने स्थित कच्चे ओसार को गिराकर उसी स्थान पर पक्का मकान का निर्माण करना उसके लिए भारी पड़ रहा है।क्षेत्र में आए दिन आपराधिक गति विधियों को अंजाम देने वाले गिरोह के आकाओं का गांव में इस कदर आतंक है कि महिला के ससुर के नाम की घरौंनी बनी होने के बावजूद भी दबंग भूमाफिया अपराधियों ने जबरन अपनी अपनी गुंडई एवं दबंगई के बल पर उसके द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य को जहां रुकवा दिया है वहीं महिला के साथ साथ उसके पति और वृद्ध ससुर को मारपीट कर गांव से भगाने की धमकियां दी जा रही है। इस दौरान अपराधियों के द्वारा सरेआम दी जा रही हत्या की धमकी से भयभीत पीड़िता रीता देवी बिंद ने मेजा पुलिस और प्रशासन को लिखित शिकायती पत्र देकर जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए निर्माण कार्य में दबंगों नाजायज हस्तक्षेप रोकने की मांग की है। प्रकरण मेजा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेडरा का है।



पीड़ित रीता देवी बिंद व बच्चन बिंद

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव की रहने वाली पीड़िता रीता देवी बिंद पत्नी अरुण कुमार ने बीते 11फरवरी को एसडीएम मेजा सुरेंद्र प्रताप यादव को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए इस बात की जानकारी दी है। इतना ही नहीं शिकायती पत्र में महिला ने इस बात का भी जिक्र किया है कि वह अपनी अजिया सास के समय से बने पक्का मकान में उनकी मौत के बाद रह रही है और उसी पक्का मकान के सामने उसका कच्चा ओसारा मकान है जिसकी उसके ससुर जनकधारी बिंद के नाम घरौनी भी बनी हुई है को गिराकर उसी स्थान पर पक्का निर्माण कार्य कर रही है जिसको लेकर बीते 10 फरवरी को आधा दर्जन की संख्या में लाठी डंडों कारावास और अवैध असलहों से लैस गांव के ही अपराधी हरीलाल संगम लाल राममूरत ओमप्रकाश दिनेश कुमार तथा राजू आदि पहुंचे और बिना किसी हक एवं अधिकार के पीड़िता द्वारा निर्माण किए गए पीलर को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त करते आमादा फसाद हो गए। प्रकरण के बाबत पीड़िता रीता देवी की बातों को सच माना जाय उसका आरोप है कि इस दौरान उपरोक्त सभी आरोपी गालियां और हत्या करने की धमकी देते हुए उसके और उसके पति तथा वृद्ध ससुर के साथ हाथपाई और अभद्रता भी किए। पीड़िता के अनुसार पीतल की मूर्ति को सोने की मूर्ति बताकर क्षेत्र के लोगों के साथ ठगी करने वाले उक्त अपराधी अब बड़े पैमाने पर भूमाफिया के रूप में सक्रिय हैं और गरीब असहायों की भूमि हड़पना भी इनका पेशा बन चुका है। इसी क्रम में उक्त अपराधियों के आतंक का शिकार बने बच्चन बिंद पुत्र बद्रीनाथ ने भी बीते शनिवार को थाना समाधान दिवस में उक्त अपराधियों को आरोपी बनाते हुए शिकायती पत्र दिया है जिसमें उन्होंने ने भी पीतल की मूर्ति को सोने की मूर्ति बताकर ठगी और जबरन भूमि हड़पने का आरोप कथित उक्त भूमाफियाओं पर लगाया है। ऐसी स्थिति में पीड़ित और पीड़िता दोनों ने संयुक्त रूप से महिला सुरक्षा के मद्देनजर मिशन शक्ति के तहत इसे रोकना और इन अपराधियों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही किया जाना बेहद आवश्यक है। फिलहाल पीड़िता की शिकायत को एसडीएम मेजा ने गंभीरता पूर्वक लिया और प्रकरण में त्वरित कार्यवाही किए जाने हेतु थाना प्रभारी मेजा को कड़े एवं आवश्यक निर्देश दिए हैं।

## न्यूज झरोखा

### शिक्षक अतुल जायसवाल को उत्कृष्ट कार्य हेतु सहायक शिक्षा निदेशक ने किया सम्मानित



**जंघई।** प्रयागराज मण्डल के प्रगति 2.0 (स्वाभिमान से सफलता की ओर) कार्यक्रम के मण्डलीय बाल उत्सव में सहायक शिक्षा निदेशक प्रयागराज मण्डल संजय कुमार कुशवाहा एवं मंडल मुख्यालय खंड शिक्षा अधिकारी हरिश्चंद्र गिरि द्वारा मीना मंच कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, आत्मसम्मान एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, सक्रिय सहभागिता एवं सराहनीय अतुलनीय सहयोग हेतु शिक्षक अतुल कुमार जायसवाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अतुल कुमार जायसवाल बहुत ही कर्तव्यनिष्ठ, योग्य एवं कर्मठ शिक्षक हैं, जो कि अपने विद्यार्थियों के प्रति पूरी ऊर्जा, लगन, निष्पक्षता एवं समर्पित भाव से शिक्षा ग्रहण करवाते हैं और नई नई तकनीकी शिक्षा भी देते हैं। इनके शैक्षणिक कार्य से विद्यार्थी एवं अभिवावक भी सदैव खुश रहते हैं।

### पड़िला में लगे मेले में हुई जमकर खरीदारी : बच्चों उठाया मेले का लुफ्त



**थरवई ।** महाशिवरात्रि के दूसरे दिन पाण्डेश्वर नाथ धाम पड़िला में बड़े ही भव्य रूपों में मेला लगा रहा जहां भारी संख्या में लोगों ने मेले में पहुंचकर मेले का आनन्द लिया वहीं बच्चों ने भी मेले का लुफ्त उठाते रहे और लिए खिलौने एवं वहीं मेले में महिलाओं ने भी जमकर गृहस्थ सामानों की खरीददारियां कीं। जो काफी दूर तक मेले परिसर में लगी रही दुकानें। मेले में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न ना हो जिसको लेकर इंस्पेक्टर थरवई संतोष कुमार पांडेय टीम के साथ भ्रमण करते रहे और पूरे मेला क्षेत्र में पुलिस फोर्स तैनात रहीं। मेले में अनावश्यक भीड़ उत्पन्न ना हो जिस पर सभी प्रकार के वाहनों का मेला परिसर के अंदर रोक लगी रही । जिससे मेले में आने जाने वालों को कठिनाईयां ना हों। डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत, एडीसीपी गंगानगर पुष्कर वर्मा मेले का निरंतर जायजा लेते रहे। वहीं मेले एसीपी थरवई अरुण पाराशर भी मेला क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी पर रोक

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म व गर्भपात कराने के आरोपी पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही पीड़िता व राज्य सरकार से 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट व न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने दिया है।बदायूं निवासी पीड़िता ने महिला बरेली थाने में पुलिस कांस्टेबल अक्षय कुमार व उनके परिवार के लोगों के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करना, गर्भपात कराने व अन्य आरोपों में 20 दिसंबर 2025 को एफआईआर दर्ज कराया। आरोपियों ने दर्ज एफआईआर को रद्द करने व गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की।याची अधिवक्ता सुनील चौधरी ने दलील दी कि पीड़िता ने स्वयं माना है कि याची से उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई और दोस्ती के उपरांत प्रेम संबंध में पिछले 2 वर्ष से थी। दलील दी कि पीड़िता ने आपसी सहमति से संबंध बनाया है। वह स्वयं याची के साथ रील बनाकर सोशल साइड पर अपलोड करती थी। पीड़िता नर्स का कोर्स कर रही है। उसे अपना अच्छा–भला पता था। याची ने कोई गर्भपात नहीं कराया है। पीड़िता ने अपनी शादी किसी और तय की थी। जब वह शादी टूट गई तो याची से शादी करने का दबाव बनाने लगी और पांच लाख रुपयों की मांग की। लेकिन जब बात नही बनी तो उसने झूठे आरोपों में एफआईआर दर्ज करा दी है।

### सहसों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 78 जोड़ों ने लिए सात फेरे



**सहसों।** चंदरपुर उर्फ बसमहुआ स्थित आरडी सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फूलपुर विकासखंड के 37 तथा बहरिया विकासखंड के 41 नवविवाहित जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लेकर अपने वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की। समारोह के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख फूलपुर विपेंद्र सिंह पटेल ने नव विवाहित जोड़ों को शुभकामना देते हुए कहा कि यह योजना प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को सहारा देना है। उन्होंने कहा कि इस योजना से जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक अपनी बेटियों का विवाह संपन्न कराने में मदद मिल रही है। विशिष्ट अतिथि भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना से अभिभावकों की आर्थिक चिंता काफी हद तक कम हुई है। सरकार की ओर से प्रत्येक जोड़े को एक लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें 60 हजार रुपये सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजे जाते हैं। वहीं 25 हजार रुपये गृहस्थी के सामान के लिए तथा 15 हजार रुपये भोजन, नाश्ता और सजावट जैसी व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाते हैं। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी बहरिया कविता तिवारी, खंड विकास अधिकारी फूलपुर हनुमान प्रसाद वर्मा, एडीओ पंचायत राजेश सिंह, एडीओ समाज कल्याण अखिलेश यादव, एडीओ पंचायत बहरिया रवि दत्त मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह सादगी और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

### गुजरात निकाय चुनाव को लेकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न



**मेजा।** गुजरात दादरा दमन एवं दीव के राष्ट्रीय लोक मोर्चा के पदाधिकारियों कार्यकताओं की एक अवश्यक बैठक गुजरात के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें गुजरात के निकाय चुनाव पार्टी और संगठन की मजबूती पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर बैठक में गुजरात के प्रदेश के कार्यवाहक अशोक तिवारी दादरा, दमन एवं दीव के अध्यक्ष सन्तोष कुमार मिश्रा, गुजरात प्रदेश के महामंत्री अवधेश कुमार मिश्रा आदि के अलावा बड़ी संख्या में कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### विकास विद्यालय ईश्वर शरण आश्रम के वार्षिकोत्सव में देशभक्ति की गूंज, बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**प्रयागराज।** सलोरी स्थित विकास विद्यालय ईश्वर शरण आश्रम का वार्षिकोत्सव समारोह उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई, जिसके बाद विद्यालय परिसर सांस्कृतिक रंगों से सराबोर हो गया। समारोह में शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक और गणमान्य अतिथि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र, संस्कार और व्यक्तित्व का निर्माण भी उतना ही आवश्यक है। विद्यालय द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की उन्होंने सराहना की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद समाजसेवी एवं उद्यमी ऋतु कमल अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में आत्मविश्वास और अनुशासन स्पष्ट झलकता है। यह शिक्षकों के मार्गदर्शन और बच्चों की मेहनत का परिणाम है। प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश तिवारी के निर्देशन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति गीत, समूह नृत्य और नाट्य मंचन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

# परम्परा एवं संस्कृति तथा सनातन का सार है शिव जी का दर्शन : जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम मे इक्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव के उदघाटन सत्र का रविवार की रात जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी व एसपी दीपक भूकर तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं परम्परा तथा सनातन की महिमा भगवान शिव के दर्शन का सार है। डीएम ने बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा से जुडी कथाओं के उदाहरण के साथ कहा कि दयालुता तथा परोपकार की भावना ही धर्म का पालन है। डीएम ने बाबा धाम में एकता महोत्सव को राष्ट्रीय सशक्तीकरण के लिए अप्रतिम बताया। उन्होने भव्य आयोजन के लिए विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी के संकल्पों की भी सराहना की। अति विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कहा कि शांति व सौहार्द का वातावरण सदैव कल्याणकारी हुआ करता है। उन्होने कहा कि अनीति और अत्याचार को मिटाने के लिए सामाजिक एकजुटता समय की आवश्यकता है। बाबा घुइसरनाथ धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि धर्म की धारणा का उद्देश्य सदैव नैतिक जीवन के प्रति सचेत रहना हुआ करता है। उन्होने कहा कि एकता महोत्सव का उद्देश्य सामाजिक एवं राष्ट्रीय संरचना को समरसता के सूत्र में मजबूत बनाना है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महोत्सव की संयोजिका एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि बाबा के पवित्र धाम में सदैव विकास तथा अमन की गंगा प्रहवमान हुआ करती है। उन्होने लोगों से भाईचारे व एकजुटता की शक्ति को सशक्त बनाए रखने का आहवान किया। विशिष्ट अतिथि प्रो० डॉ. विजयश्री सोना व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय, एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, सीओ आशुतोष मिश्र व पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी ने भी सामूहिक एकता का बखान किया। विधायक पुत्र राघव मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया। वरिष्ठ साहित्यकार विशालमूर्ति मिश्र एवं पं. विनय शुक्ल के संचालन मे श्रीकान्त वर्मा का स्वागत गान मनमोहक दिखा। उदघाटन समारोह मे आयोजन समिति की ओर से विधायक आराधना मिश्रा ने जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी, एसपी दीपक भूकर, एएसपी बृजनंदन राय, एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, सीओ आशुतोष मिश्र को बाबा घुइसरनाथ धाम का मोमेण्टो व शॉल प्रदान कर सम्मानित किया।

# पट्टी लगातार हो रही चोरियों का खुलासा नहीं होने पर ग्रामीणों में आक्रोश

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आसपुर देवसरा विकासखंड के विभिन्न गांवों व बाजारों में आधा दर्जन से अधिक वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं हो सका है। इससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार उपाध्यायपुर स्थित अर्जुनपुर के प्राथमिक विद्यालय में चोरी की घटना हुई। प्रधानाध्यापक नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में शिकायती पत्र पुलिस को दिया गया है। वहीं एसआरटी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मनोज कुमार तिवारी ने भी विद्यालय में हुई चोरी के संबंध में तहरीर दी है। शुक्रवार रात प्रेम शर्मा व अमरीश के घरों के ताले तोड़कर चोर लाखों रुपये के जेवरात व कीमती सामान उठा ले गए। इसके अगले ही दिन शनिवार को चोरों ने दो विद्यालयों को निशाना बनाते हुए वहां रखा सामान पार कर दिया। करौना बाजार स्थित शराब के ठेके में भी 8 व 19 जनवरी की रात चोरी की घटना हुई थी। ठेकेदार हरिशंकर सिंह द्वारा तहरीर दिए जाने के बावजूद अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। 28 जनवरी 2026 को औराई गांव में सोमलाल के घर से जेवरात व 30 हजार रुपये नकद चोरी हो गए। नंदलाल व राहुल के घरों से भी गहने व अन्य सामान उठा ले जाने की घटना सामने आई। अंखवा गांव की शोभा देवी ने आरोप लगाया कि 13 फरवरी को खिड़की के रास्ते घुसे चोर लाखों के गहने और 10 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए, लेकिन अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। लोगों का कहना है कि रात्रि गश्त प्रभावी नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और शीघ्र खुलासा करने की मांग की है। क्षेत्राधिकारी (सीओ) मनोज कुमार रघुवंशी ने बताया कि सभी मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है तथा जल्द ही घटनाओं का खुलासा किया जाएगा। हालांकि अब तक सफलता न मिलने से क्षेत्र में असुरक्षा की भावना बनी हुई है।

## न्यूज झरोखा

### डीएम व एसपी व प्रमोद तथा मोना ने किया परम्परागत दीपदान



**लालगंज।** इक्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में रविवार की देर शाम बाबा धाम पहुंचे डीएम शिवसहाय अवस्थी तथा एसपी दीपक भूकर ने गंगा सागर में भगवताचार्य आचार्य देवव्रत जी महाराज के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना की उपस्थिति में परम्परागत दीपदान किया। वहीं डीएम व एसपी ने जिले के सुमंगल की कामना को लेकर बाबा घुइसरनाथ जी का विधिविधान से पूजन अर्चन किया।

### सेंधमारी कर लाखों के जेवरात व कीमती सामान उड़ा ले गये चोर



**लालगंज।** सेंधमारी कर चोर घर से लाखों के जेवरात व अन्य कीमती सामान उड़ा ले गये। घटना को लेकर पीड़िता ने सोमवार को पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के कुटिया वीरभद्रपुर निवासी रतीपाल यादव हरियाणा में प्राइवेट नौकरी करता है। उसकी पत्नी संगीता गांव में बच्चों के साथ रहती है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते रविवार की रात वह बच्चों के साथ सो रही थी। इसी बीच घर के पीछे की पक्की दीवार काटकर अज्ञात चोर अंदर घुस आये। कमरे में रखा करीब दो लाख रुपए से अधिक के जेवरात व अन्य कीमती सामान उड़ा ले गये। सुबह सोकर उठने पर घर में बिखरा पड़ा सामान देख पीड़िता आवाक रह गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है। घटना की जांच की जा रही है, शीघ्र ही चोरी की घटना का राजफाश किया जाएगा।

### विधानसभा घेराव से पहले कांग्रेस नेत्री सुनीता पटेल हाउस अरेस्ट



**पट्टी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुनीता पटेल को सोमवार सुबह करीब 11 बजे हाउस अरेस्ट कर लिया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली पट्टी क्षेत्र के कोठियार गांव स्थित उनके आवास पर पुलिस पहुंची और उन्हें घर से बाहर निकलने से रोक दिया। बताया जा रहा है कि 17 फरवरी को प्रस्तावित विधानसभा घेराव में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले ही प्रशासन ने यह कार्रवाई की। कांग्रेस कार्यकताओं का कहना है कि ह्यवीबी-जी राम जी योजनाह्न के विरोध में 17 फरवरी को विधानसभा घेराव किया जाना है, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकताओं के शामिल होने की संभावना है। इसी को देखते हुए एहतियातन कार्रवाई की गई है। सूत्रों के अनुसार, हाउस अरेस्ट की सूचना मिलते ही समर्थकों में नाराजगी देखी गई। हालांकि प्रशासन की ओर से शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। फिलहाल क्षेत्र में पुलिस बल तैनात है और स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

### जमीन विवाद में बड़े भाई को पीटा, लाठी-डंडों से हमला

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के आसपुर देवसरा विकासखंड के औराई जालेपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर छोटे भाई ने बड़े भाई पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में बड़े भाई को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित सोमनाथ ने सोमवार करीब 12 बजे पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि वह अपनी जमीन पर मिट्टी डलवा रहे थे। इसी दौरान उनका छोटा भाई मौके पर पहुंच गया और विवाद करने लगा। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और छोटे भाई ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए।घटना के बाद परिजनों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर मिली है। उसका मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। गांव में इस घटना के बाद तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 39 रनों से सनी इलेवन चैरंग ने जीता फाइनल मुकाबला



**कुंडा।** बाबागंज ब्लाक के लखपेड़ा में 11 फरवरी से चल रहे लखपेड़ा क्रिकेट कप टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सोमवार को छत्रधारी इंटरमीडिएट कॉलेज के मैदान में खेला गया। मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और दर्शकों का उत्साह देखने लायक था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनी इलेवन चैरंग की टीम ने निर्धारित 6 ओवर में 89 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईकेएम इंटर कॉलेज आनापुर की टीम 50 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह सनी इलेवन चैरंग ने 39 रनों से शानदार जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल ने विजेता टीम को 81 हजार नगद पुरस्कार व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 51 हजार नगद पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजनकर्ता रमन सिंह, डब्लू सिंह, प्रधान ओमानंद द्विवेदी, अखिलेश द्विवेदी पूर्व प्रधान अमर कुमार तिवारी संजय यादव नूर आलम फारूकी, शिवा मोदीलाल, अरविंद यादव, लकी उपाध्याय ,सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। मैच में कमेंट्री प्रेम कुमार यादव और संजय कुमार ने की।

# प्रताप के हास्य, मयूर नृत्य के साथ लेजर शो ने एकता महोत्सव में लगाया चार चांद

रोहित सिंह





**प्रतापगढ़।** मुम्बई के मशहूर हास्य कलाकार प्रताप फौजदार के एक से बढ़कर एक हास्य तथा सांस्कृतिक रंगमंच पर देश भक्ति के गीतों व भजन तथा विविध विधाओं के मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियों ने इक्तीसवां एकता महोत्सव रविवार की रात झूमता नजर आया। वहीं मां तुझे सलाम, वन्दे मातरम की धुन पर दिल्ली के मशहूर कलाकारो के लेजर शो ने बाबा धाम में रंग बिरंगी रोशनी की चमक भी दर्शकों के लिए कुछ अजूबा की अनुभूति करा गयी। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में अति विशिष्ट दीर्घा में जिले के डीएम शिव सहाय अवस्थी तथा एसपी दीपक भूकर व सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की मौजूदगी में संस्कृति विभाग से आयीं पर्णिका श्रीवास्तव के साथ चोटी के कलाकारों ने शिव ताण्डव की भक्तिमय प्रस्तुति दी। वहीं लोक कलाकारों के द्वारा ए वतन ... मेरा रंग दे बसन्ती चोला जैसे देश भक्ति के गीत पर श्रोताओं की तालियां भी गूंजी और दर्शक दीर्घा से भारत मां के जयघोष को सई की तरंगों में भी उल्लास की लहर उफान लिए दिखी। लपेटे में से देश दुनिया में मशहूर मुम्बई के हास्य कलाकार प्रताप फौजदार का जलवा भी दर्शकों में चढ़ा दिखा। प्रताप फौजदार ने तिरंगे में सरदार का डण्डा, तरबूजे का अंगूर सुनाकर जमकर गुदगुदाया। वहीं हास्य में प्रताप फौजदार ने देश भक्ति का भाव भी पिरोते हुए दर्शको को रोमांचित किया। प्रताप फौजदार के हास्य की फुलझड़ी आम दर्शकों के साथ विशिष्ट दीर्घा को भी कई बार मुस्कुराहट दे गयी। जानी मानी कलाकार वंदनाश्री के सांस्कृतिक दल ने मथुरा का खूबसूरत मयूर नृत्य प्रस्तुत किया। मयूर नृत्य में कलाकारों की साधना देख दर्शकों का मन भी अंदर ही अंदर नृत्य के भाव में आनन्द से भरपूर दिखा। वंदनाश्री के दल ने फूलों की होली की भी आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं कलाकारों ने मंच पर विविध धार्मिक परिदृश्य का भी मंचन कर श्रद्धालुओं खासकर महिलाओं का समर्थन जुटाया। दिल्ली के कलाकारों के द्वारा लेजर शो में रंगबिरंगी रोशनी की जगमगाहट महोत्सव को चार चांद लगा गया। लेजर शो में मां तुझे सलाम, वन्दे मातरम जैसे देशभक्ति की धुन ने दर्शको को अदभुत आनंद दिया। इण्डियन परफार्मिग आर्ट सेंटर के कलाकारों ने देर रात तक भजन व देश भक्ति तथा विविध संस्कृतियों से जुडी प्रस्तुतियां देकर महोत्सव की महक व चमक को बढ़ा गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन लखनऊ के एंकर राजेन्द्र विश्वकर्मा हरिहर व संयोजन शील द्विवेदी ने किया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा प्रो. डॉ. विजयश्री सोना ने प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों को प्रशस्ति पत्र तथा शॉल व महोत्सव का मोमेण्टो भेंट किया।

# सीडीओ ने विकास भवन के कार्यालयों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश



**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा विकास भवन स्थित विभिन्न महत्वपूर्ण विभागीय कार्यालयों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार सिंह तथा परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण दयाराम यादव भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय, आई०सी०डी०एस०, जिला विकास कार्यालय, लघु सिंचाई कार्यालय, समाज कल्याण कार्यालय एवं समाज कल्याण कार्यालय (विकास) का गहन परीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यालयों में उपस्थिति पंजिका, गार्ड फाइल, सेवा पुस्तिकाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण शासकीय अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। सेवा पुस्तिकाओं में पाई गई कमियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों एवं पटल सहायकों को तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए गए। सभी कार्यालयों को निर्देशित किया गया कि आलमारियों में रखी गई पत्रावलियों का पूर्ण विवरण ए-4 आकार के कागज पर अंकित कर संबंधित आलमारी के बाहर चस्पा किया जाए, जिससे अभिलेखों की उपलब्धता एवं खोज प्रक्रिया सुगम हो सके। गार्ड फाइल को अद्यतन रखने, सभी शासनादेशों को क्रमवार चस्पा करने तथा बाईं ओर स्पष्ट इंडेक्सिंग एवं वर्षवार टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुराने अभिलेखों का नियमानुसार परीक्षण कर उनकी वीडिंग (निस्तारण) की कार्यवाही समयबद्ध ढंग से कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए गए। कार्यालयों में कार्यरत पटल सहायकों को अपने नाम एवं पदनाम की स्पष्ट नाम पट्टिका अपने पटल पर प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे आमजन को सुविधा हो तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़े। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशों के शत-प्रतिशत अनुपालन पर बल देते हुए कहा कि कार्यालय व्यवस्था में सुधार, अभिलेखों का सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली सुशासन की आधारशिला है। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों को उत्तरदायित्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन हेतु प्रेरित किया गया।

# लापरवाही पर गिरी गाज, आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष लाइन हाजिर

**पट्टी।** पुलिस विभाग में बड़ी कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। कार्यों में लापरवाही और क्षेत्र में बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की गई है। सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र में लगातार सामने आ रही आपराधिक घटनाओं और शिकायतों के बाद उच्चाधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया। समीक्षा के दौरान कार्यशैली पर असंतोष व्यक्त करते हुए थाना अध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर करते हुए पुलिस लाइन रवाना कर दिया गया। बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में चोरी, अवैध गतिविधियों और कानून-व्यवस्था को लेकर कई शिकायतें सामने आई थीं। इन मामलों में अपेक्षित कार्रवाई न होने पर विभागीय स्तर पर नाराजगी जताई गई थी।विभागीय सूत्रों का कहना है कि नए थाना अध्यक्ष की तैनाती जल्द की जाएगी। वहीं पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं।

# लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश : डॉ. नीरज त्रिपाठी

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश के तहत कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत 17 फरवरी 2026 को उत्तर प्रदेश विधानसभा का घेराव करने वाले सैकड़ों कार्यकताओं को रोकने के लिए योगी की पुलिस ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी सहित दर्जनों नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा, कि योगी सरकार डरी हुई है उनका डर अब सड़को पर साफ दिख रहा है विधानसभा घेराव से घबराकर लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है, उन्होंने कहा कि हम गांधीवादी हैं और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करते हैं, लेकिन सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर हमें झुकाना चाहती है। यह लोकतंत्र की हत्या है। डॉ. त्रिपाठी ने आगे कहा, हम अपनी लड़ाई आखिरी दम तक लड़ेंगे और सरकार को जवाब देंगे। इस अवसर पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किये गए साथियों में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, महेंद्र शुक्ला, मकरन्द शुक्ल, करुण पाण्डेय, प्रदीप द्विवेदी, के.के शुक्ल, सुनीता सिंह पटेल, मुन्ना लाल यादव, महेन्द्र मिश्र, रविन्द्र मिश्र, राकेश पाण्डेय, राम कुमार पटेल, उमेश तिवारी, नागेन्द्र यादव, लल्लू पाल आदि रहे।



### करुण पांडेय हुए गिरफ्तार तो संदीप चकमा देकर पहुंचे लखनऊ

**कुंडा।** प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आह्वाहन पर 17 फरवरी को विधान सभा के घेराव करने जा रहे जहाँ कांग्रेसी नेता करुण पांडेय को पुलिस ने गिरफ्त में ले लिया तो वही दूसरी ओर संदीप तिवारी पुलिस को चकमा देकर लखनऊ पहुंच गए। पार्टी की नीतियों का अनुपालन करते हुए कुंडा तहसील के दो कांग्रेसी नेता भी लखनऊ जाने वाले थें, जिसमें से प्रतापगढ़ जिला उपाध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस के महासचिव करुण पांडेय को कुंडा पुलिस ने उनके ससुराल के करीब राजापुर बाजार से हिरासत में ले लिया, जहां से वो विधान सभा का घेराव करने के लिए लखनऊ जाने वाले थें, कुंडा पुलिस उनको अपने साथ थाने उठा लाई वही दूसरी ओर हीरागंज नगर पंचायत के रहने वाले सुल्तानपुर जिला कोआर्डिनेटर एवं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय मीडिया कम्युनिकेशन कोआर्डिनेटर संदीप त्रिपाठी महेशगंज पुलिस को चकमा देकर पगडंडियों के सहारे लखनऊ पहुंच गए। संदीप ने कहा कि पार्टी की नीतियों के तहत लोकतांत्रिक तरीके से सरकार की गलत और दमनकारी नीतियों का विरोध किया जाएगा।

# पेड़ से टकराई युवक की बाइक, मौत

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के हरिपुर बरदैता मोड़ के समीप सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे महुआ के पेड़ से टकरा गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पट्टी कस्बे के पुरानी पट्टी निवासी कमलेश (30) पुत्र मुन्ना सोमवार सुबह घर से निकले थे। वह महाराजगंज की ओर से बंधवा होते हुए वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान हरिपुर बरदैता मोड़ के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और महुआ के पेड़ से जा टकराई। घटना की सूचना पर स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस को बुलाया। गंभीर रूप से घायल कमलेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। मृतक के छोटे भाई अनिकेत व अरुण, माता राज कुमारी, पत्नी कांति तथा पांच वर्षीय पुत्र अंकित व दो वर्षीय रितेश का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले चैकी इंचार्ज पृथ्वी गंज अजय कुमार अंचल ने बताया कि बाइक अनियंत्रित होकर महुआ के पेड़ से टकरा गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 22 को होगा विधिक सहायता एवं मेगा शिविर का आयोजन



**प्रतापगढ़।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में आगामी 22 फरवरी 2026 को तुलसीसदन (हादीहाल) में आयोजित होने वाले वृहद विधिक सहायता एवं मेगा शिविर की तैयारियों को लेकर विकास भवन सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक ने शिविर में महिलाओं, बच्चों, निर्धन परिवारों तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न प्रशासनिक एवं कार्यकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी, परामर्श एवं लाभ वितरण की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि शिविर स्थल पर अपने-अपने विभाग की योजनाओं की आकर्षक एवं जानकारीपूर्ण प्रदर्शनी लगाई जाए, ताकि आमजनमानस को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा लाभ के संबंध में स्पष्ट जानकारी मिल सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पात्र लाभार्थियों की पूर्व पहचान कर उन्हें शिविर के दौरान ही प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र, टूलकिट एवं अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया जाए। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, विभागवार जिम्मेदारियों, स्टॉल व्यवस्था, लाभार्थियों की सूची एवं व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिविर का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से किया जाए, जिससे शासन की मंशा के अनुरूप अधिकाधिक लोगों को न्याय एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। अंत में परियोजना निदेशक ने सभी विभागों से पूर्ण जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का आह्वान किया, ताकि 22 फरवरी को आयोजित होने वाला वृहद विधिक सहायता एवं मेगा शिविर सफल एवं जनोपयोगी सिद्ध हो।

# आस्था और भक्ति के साथ एकता का संदेश दे रहा है शिवाला महोत्सव : सदर विधायक

अखंड भारत संदेश




**प्रतापगढ़।** नगर क्षेत्र के पूरे ईश्वर नाथ स्थित पौराणिक शिवाला मंदिर पर आयोजित दो दिवसीय आठवें शिवाला महोत्सव के दूसरे दिवस अर्चना परमार्थ मिशन ट्रस्ट के संयोजन में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त कवि सम्मेलन सत्र का उद्घाटन परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल व महोत्सव के संरक्षक परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक तिवारी एडवोकेट, प्रवक्ता अजीत सिंह, शिक्षक प्रभा शंकर पांडेय, ज्ञानेश तिवारी, संरक्षक दयाशंकर शुक्ल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर किया। तदुपरांत कवि सम्मेलन के उद्घाटन अतिथियों को आयोजक परमानंद मिश्र, संयोजक शिवेश शुक्ल,दयाशंकर शुक्ल द्वारा बैच लगा ,भगवान गौरीशंकर का चित्र व अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत सम्मान किया। इसके उपरांत कवियत्री आशालता द्वारा मां सरस्वती वंदना- लो धरा पर अवतरण मां शारदे जयगान हो.. पढ़ी। कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे कवि अनूप उपाध्याय अनुपम ने पढ़ा - हमसे न टकराना न ही रार मचाना, नहीं तो मानो कर देंगे हम तेरा ता ता थईया हम हैं यूपी के भैया...पढ कर ऊंचाई प्रदान की। अध्यक्षीय काव्य पाठ करते हुए हरिवंश शुक्ल शौर्य ने पढ़ा - मृत्यु सत्य है तो फिर पार्थ तीर ले उधार। इस मौके पर समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य व महोत्सव के आयोजक मण्डल एवं साहित्यकारों ने सामूहिक रूप से बेल्हा के गौरव पार्श्व गायक रवि त्रिपाठी व उनके पिता श्री कृष्ण त्रिपाठी को अंगवस्त्र व भोलेनाथ का चित्र भेंट कर भव्य सम्मान किया। कवि सम्मेलन के उपरांत आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्या व विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव एवं अति विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी व सपा नेता अश्विनी सोनी का आयोजक परमानंद मिश्र व संयोजक शिवेश शुक्ल एडवोकेट द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया। इसके बाद अतिथियों व आयोजक मण्डल द्वारा राम लीला समिति गड़वारा के अध्यक्ष राजाराम वैश्य, प्रभा शंकर पांडेय, शिक्षक ध्रुव कुमार शर्मा,पूर्व रणजी खिलाड़ी आदित्य शुक्ल, मुकेश श्रीवास्तव,भाजपा नेत्री कामिनी श्रीवास्तव, राजेश मिश्र,ज्ञानेश तिवारी,पत्रकार गौरव श्रीवास्तव, गौरव त्रिपाठी, उन्होंने आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए आयोजक परमानंद मिश्र व संयोजक शिवेश शुक्ल सहित पूरी टीम को बेहतरीन सफल आयोजन हेतु बधाई दी। इसके उपरांत भगवान भोलेनाथ की आरती की गई।अंत में महोत्सव के आयोजक परमानंद मिश्र व संयोजक शिवेश शुक्ल ने संयुक्त रूप से सभी आगंतुओं,अतिथियों व स्वास्थ्य,कृषि विभाग,आष्युमान मित्र,एनवाईके, सूचना जनसंपर्क विभाग,आइडीए, व्यवस्थापकों, मीडिया बंधुओ के साथ ही महोत्सव के सहयोगियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। संचालन नेत्र परीक्षण अधिकारी सीएम शुक्ला ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला सूचना अधिकारी आर बी सिंह, गोकुल नाथ श्रीवास्तव, प्रभात शर्मा, व्यापारी नेता सरदार कुलदीप सिंह, मंगल पाल, राजदेव पाल, गया प्रसाद शुक्ला,राम कैलाश गुप्ता, मंगेश वर्मा, विनोद मौर्या, माया त्रिपाठी, धीरेंद्र एडवोकेट,अरूण ओझा,रमाकांत शुक्ल, उमाशंकर, इंद्रजीत शुक्ला, विवेक यादव,सहित आदि सहयोगी गण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# यू.पी. बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन, सुचितापूर्ण पारदर्शी व सकुशल कराएं सम्पन्न : डीएम

**अखंड भारत संदेश**




**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने उदयन सभागार में यू.पी. बोर्ड परीक्षा-2026 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जोनल/ सेक्टर/ स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यू.पी. बोर्ड परीक्षा-2026 को गम्भीरता से लिया जाय। बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। इस परीक्षा को नकलविहीन, सुचितापूर्ण, पारदशी व सकुशल सम्पन्न कराई जाय। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। परीक्षा कक्ष में सी.सी.टी.वी. की क्रियाशीलता सुनिश्चित कर लिया जा। कोई भी बाहरी व्यक्ति केन्द्र में प्रवेश न करने पाए। केन्द्र के बाहर अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने पाए। सभी सम्बन्धित अधिकारियों/कामिकों का मोबाइल अपने पास अवश्य रखा जाय। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल अवगत कराई जाय। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए है कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराई जाय। कहीं पर भी नकल की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल अवगत कराई जाय। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराई जाय। किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि यू.पी. बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी, 2026 से 12 मार्च, 2026 तक 02 पालियां में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा 08:30 बजे से 11:45 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 02 बजे से 05:15 बजे तक होगी। जनपद में 80 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जनपद में यू.पी. बोर्ड परीक्षा में कुल 45687 परीक्षाथी पंजीकृत हैं, जिसमें हाईस्कूल में 24187 एवं इंटरमीडिएट में 21500 परीक्षाथी पंजीकृत हैं। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद में 06 सचल दल का गठन किया गया है। 80 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 03 जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक ओम प्रकाश,अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, सभी उप जिलाधिकारी गण एवं क्षेत्राधिकारी गण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आमजन की समस्याओं को एसपी ने सुना

**कौशांबी।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से फरियाद लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी राजेश कुमार पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई की गई और आम जनता की समस्याओं को समझा पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिदिन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की जाती है इस दौरान आमजन की शिकायतों समस्याओं को एसपी ने सुना एवं उनकी शिकायतों समस्याओं के त्वरित विधिवत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित थानेदार एवं क्षेत्राधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी फरियादियों को तुरंत न्याय दिया जाए उनकी समस्या का समाधान किया जाए उन्हें बार-बार फरियाद लेकर अधिकारियों के यहां पहुंचना ना पड़े।

# 18 जनसेवा केन्द्र की आई.डी. तत्काल प्रभाव से की गई निरस्त

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** भारत सरकार द्वारा संचालित फार्मा रजिस्ट्री योजनान्तर्गत एग्री स्टैक पोर्टल पर जनपद कौशाम्बी के समस्त कृषकों के रजिस्ट्रेशन का कार्य जन सेवा केन्द्र सी.एस.सी. के माध्यम से किया जाना है। जनपद कौशाम्बी में कृषकों के रजिस्ट्रेशन की प्रगति बहुत ही खराब है, जिसके लिए जिलाधिकारी के निर्देशानुसार समस्त ग्राम पंचायतों में स्थापित समस्त जनसेवा केन्द्र से कृषकों का फॉर्मर रजिस्ट्रेशन का कार्य अभियान चलाकर कराया जा रहा है।यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ने देते हुए बताया कि इस अभियान में सभी जनसेवा केन्द्र संचालकों द्वारा आवश्यक सहयोग करते हुए अधिक से अधिक कृषकों का रजिस्ट्रेशन किया जाना है, जिसमें पाया गया है कि निरन्तर दिये गये निर्देशों के बावजूद जनसेवा केन्द्र संचालकों द्वारा अपने ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित कृषकों का पंजीकरण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण जनपद की प्रगति में वृद्धि नहीं हो पा रही है।जनसेवा केन्द्र संचालक-रोहित कुमार पाण्डेय, राज प्रजापति, बृज लाल पटेल, सुरज, पवन कुमार, राम नरेश, महेश कुमार, रानू कुमार, रवि कुमार, धमेन्द्र, दीपक कुशवाहा, सूर्य प्रकाश मौर्य, विवेक कुमार, सौरभ कुमार, सुभाष चन्द्र, नीरज सिंह यादव, मोनू एवं बीरेन्द्र की सम्बन्धित जन सेवा केन्द्र आई.डी. तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। अब तक कुल 73 जनसेवा संचालकों की आई.डी. निरस्त कर दी गई।

# डीएम ने कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मंझनपुर व सरसवां का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

खण्ड विकास अधिकारियों को जनसुनवाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मंझनपुर एवं सरसवां का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिलाधिकारी ने कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मंझनपुर के निरीक्षण के दौरान आई.जी.आर.एस. एवं जनशिकायत रजिस्टर में सूचनाएं अधूरी व अपडेट न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए खण्ड विकास अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी से कहा कि प्राथमिकता के आधार पर जनसुनवाई किया जाय तथा जनसुनवाई/ आई.जी.आर.एस. में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण/समयबद्ध किया जाय। जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों को आई.जी.आर.एस. में अपलोड किया जाय। उन्होंने कहा कि कार्यालय एवं परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाए रखी जाय तथा अभिलेखों का रख-रखाव भी व्यवस्थित तरीके से किया जाय। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कक्ष के निरीक्षण के दौरान स्वयं सहायता समूहों के गठन की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि बैंक सखियों/ महिलाओं को पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाय एवं उन्हें सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाय जिलाधिकारी ने कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सरसवां के निरीक्षण के दौरान आई.जी.आर.एस.जनशिकायत रजिस्टर में सूचनाएं अपडेट न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए खण्ड विकास अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी से कहा कि जनसुनवाई पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण/समयबद्ध किया जाय। सेक्टरवार नामित अधिकारियों को मौके पर भेजकर शिकायतों का निस्तारण कराया जाय। क्षेत्र भ्रमण किया जाय। उन्होंने मीटिंग हॉल के निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी से कहा कि मीटिंग हॉल को और व्यस्थित किया जाय। कार्यालय एवं परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाए रखी जाय तथा अभिलेखों का रख-रखाव भी व्यवस्थित तरीके से किया जाय निरीक्षण के दौरान उपायुक्त मनरेगा मनोज वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एमवी कॉन्वेंट स्कूल ओसा में उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान, सुमित ओझा बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ छात्र



**कौशांबी।** एमवी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज,ओसा मंझनपुर में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य के.डी. सिंह सहित शिक्षकगण एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम में कक्षा 12 के छात्र सुमित ओझा को वर्ष 2025-26 के लिए वर्ष का सर्वश्रेष्ठ छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें विद्यालय में उत्कृष्ट अनुशासन,नेतृत्व क्षमता,शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा सुमित ओझा को सबसे पहले सम्मानित किया गया तथा उन्हें विशेष प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कक्षा 12 कॉमर्स वर्ग से सारा बानो कक्षा 12 गणित वर्ग से सुजल त्रिपाठी तथा कक्षा 12 जीवविज्ञान वर्ग से अशरा बानो को शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं यशी अग्रहरी को सर्वाधिक उपस्थिति एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रियांशी को भी पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि कला क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रिया साहू को सम्मानित किया गया।समारोह के दौरान प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव एवं नियमों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को विषय संबंधित किसी भी शंका के समाधान हेतु अपने विषय अध्यापकों से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य एवं बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ दी गई।

## नाबालिक बालिका को भगा ले जाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र से एक नाबालिक बालिका को 6 फरवरी को एक युवक भाग ले गया था मामले की सूचना परिवार के लोगों ने 7 फरवरी को थाना पुलिस को दिया पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की तलाश शुरू की नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले वांछित अभियुक्त संजय निषाद पुत्र मंगल निवासी नसीरपुर थाना पिपरी को थाना पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है और विधिक कार्यवाही के पश्चात पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय भेज दिया है।

## चोरी के वांछित अभियुक्त को थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** थाना कौशाम्बी क्षेत्र में 16 वर्षों पहले चोरी करने वाला अभियुक्त अदालत में मुकदमे की सुनवाई के दौरान उपस्थित नहीं हो रहा था जिस पर अदालत ने अभियुक्त के विरुद्ध वारंट जारी किया कौशांबी थाना पुलिस टीम द्वारा सोमवार को वारंटी अभियुक्त मिठाई लाल रैदास पुत्र राम प्रसाद निवासी 12 थाना कौशांबी को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है और विधिक कार्यवाही के पश्चात गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त को थाना पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

## कौशांबी आकर उड़ीसा का व्यक्ति हुआ लापता परिजन परेशान

**तिल्हापुर मोड़ कौशांबी।** उड़ीसा प्रांत का एक व्यक्ति कौशांबी आया था और कौशांबी के विभिन्न कस्बे में देखा गया है लेकिन उसके बाद कौशांबी से उड़ीसा का व्यक्ति लापता हो गया है उसके परिवार के लोग खोजते खोजते कौशांबी पहुंचे हैं और उड़ीसा के व्यक्ति को खोज रहे हैं लेकिन उस व्यक्ति का पता नहीं चल रहा है जिससे परिवार के लोग परेशान दिखाई पड़ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक लल्लू सी उम-35 वर्ष गांव -मणिचो पोस्ट कुन्दलिया थाना -बिसोय उड़ीसा पिन कोड 757033 कुछ दिन पहले गुजरात से उड़ीसा के लिए ट्रेन पकड़ कर निकले थे लेकिन गलती से दूसरे ट्रेन में बैठ गए और चित्रकूट पहुंच गए चित्रकूट में घर वालों से बातचीत हुई थी उसके बाद मोबाइल से उसका कोई लोकेशन नहीं मिला और वह लापता हो गए घर वाले खोजते खोजते चित्रकूट पहुंचे पूछताछ करने पर पता चला कि वह व्यक्ति कौशांबी की तरफ गया है लोगों ने बताया कि कौशांबी के थाना सराय अकिल की तरफ वह गया है परिवार के लोग सराय अकिल पहुंचे पूछताछ किया मालूम चला हां यहां दिखाई पड़ा था लेकिन उड़ीसा के व्यक्ति से परिवार के लोगों की कही मुलाकात नहीं हुई जिससे परिवार के लोग परेशान हैं गुमशुदा की तलाश में भटक रहे परिवार के लोगों ने बताया कि उसका रंग सांवला है माथे पर चोट का निशान है कपड़ा जीन्स पैन्ट ब्राउन टी शर्ट पहने हुए है लम्बाई 06 फुट है परिवार के लोगों ने कहा कि जिस भाई को यह सज्जन दिखाई पड़े कृपया कर-के इस मोबाइल नंबर 6383789255--8260874938पर जानकारी दें।



## 14 साल पहले चोरी के वारंटी अभियुक्त को थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** सराय अकिल थाना क्षेत्र में 14 वर्षों पहले चोरी करने वाला अभियुक्त अदालत में उपस्थित नहीं हो रहा था जिस पर अदालत ने वारंट जारी कर उसे अदालत में पेश करने का निर्देश दिया अदालत से वारंट मिलने के बाद सराय अकिल थाना पुलिस ने वारंटी अभियुक्त दिलीप कुमार पाल पुत्र अजय कुमार पाल निवासी अतरसुया थाना सराय अकिल को थाना क्षेत्र से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है और गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त को थाना पुलिस ने अदालत में पेश किया है।

## अफसर गिरी के रौब में कूटे गए खंड शिक्षा अधिकारी

**कौशांबी।** नेवादा विकासखंड क्षेत्र में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी अफसर गिरी दिखाने के चक्कर में कूट दिए गए हैं दो थप्पड़ जड़ दिए जाने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी का चश्मा टूट गया और वह लड़खड़ाकर गिर पड़े खंड शिक्षा अधिकारी से मारपीट के मामले को लेकर के शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है हालांकि मामले में कोई मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है ब्लाक संसाधन केंद्र नेवादा के बाहर सोमवार की सुबह उस समय हंगामा मच गया जब एक युवक ने एबीएसए नेवादा से अभद्रता करने के साथ ही उनको दो थप्पड़ भी जड़ दिया। इससे वहां उपस्थित शिक्षक आक्रोशित हो गए। सूचना पर पुलिस भी पहुंची। बाद में युवक के माफी मांगने पर एबीएसए ने युवक को माफ कर दिया तो मामला शांत हुआ। नेवादा ब्लाक में एबीएसए बृजेश सिंह सोमवार की सुबह 10 बजे ब्लाक संसाधन केंद्र बीआरसी के सामने अपनी गाड़ी पार्क कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक युवक पहुंचा और वाहन वहां खड़ी करने पर एतराज जताया और अन्यत्र ले जाने को कहा।इस पर एबीएसए लाल पीले हो गए और उल्टा सीधा कहने लगे कुछ देर बाद जब मामला बिगड़ता देख उन्होंने कहा कि गाड़ी हटा ले रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी युवक उनसे गाली-गलौज करने लगा और उन्हें धक्का देते हुए दो थप्पड़ भी जड़ दिया। इससे एबीएसए का चश्मा गिरकर टूट गया और वह लड़खड़ाकर गिर गए।एबीएसए से मारपीट की जानकारी होने के बाद वहां शिक्षकों में आक्रोश फैल गया और भीड़ जुट गई। कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई एबीएसए ने बताया कि युवक ने माफी मांग ली है। उसका कहना था कि उसने उन्हें पहचाना नहीं था। वह आगे कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

# खनन के नियमो की धज्जियां उड़ाकर कटैया घाट में हो रहा है बालू खनन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** खनन विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ाकर खुलेआम यमुना नदी के कटैया घाट पर बालू का खनन हो रहा है बालू खनन का विभाग से परमिशन मिलने के बाद बालू पट्टा धारक ने पूरे नियम कायदे की धज्जियां उड़ा कर रख दी है खनन स्थान का पट्टा का सीमांकन नहीं कराया गया है पूरी यमुना नदी के क्षेत्र में घूम-घूम कर खनन हो रहा है जेसीबी मशीन भी यमुना नदी में गरज रही है इतना ही नहीं पानी के बीच जलधारा से भी नियमों की अनदेखी कर बालू का बेखौफ खनन हो रहा है अवैध तरीके से कानून नियम के विपरीत कराए जा रहे बालू खनन पर खनन अधिकारी गंभीर नहीं है जिससे खनन अधिकारी की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता है योगी सरकार चाहे जितने कानून और सख्ती की बात करे लेकिन उनके द्वारा बनाए गए नियमो का पालन खनन विभाग में करने वाला कोई नही है कौशाम्बी जिले में खनन विभाग के ऊपर सरकार का कोई भी नियम लागू नही होता है।कटैया घाट के बालू पट्टा धारक सारे नियमो को ताक में रखकर खुले आम खनन के नियमो की धज्जियां उड़ा रहे है अपने आप को साफ सुथरा बताने वाले खनन विभाग के जिम्मेदार यमुना नदी से हो रहे अवैध खनन को रोकते नहीं दिखाई पड़ रहे हैं आम जनता का धीरे धीरे खनन विभाग के जिम्मेदार के ऊपर से भरोसा उठता जा रहा है।इस लिए अब कानून के रखवालों पर अब लोगों का भरोसा टिका है।क्योंकि खनन विभाग में केवल सौदेबाजी ही दिखाई पड़ रही है अवैध खनन पर ज्यादा लिखने बोलने वालों पर कोई न कोई साजिस रच कर फजी मुकदमा लिखवाकर मुह बन्द करवा दिया जाता है।खनन विभाग और उससे लगे हुए विभाग के अधिकारी आंखों में दौलत की पट्टी बांध चुके है जिससे नियम कायदे बौने साबित हो रहे हैं और बालू खनन में लगे माफियाओं का वर्चस्व बराबर बना हुआ है मामले में पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को संज्ञान लेना होगा और अवैध तरीके से करोड़ों का बालू खनन करने वाले माफियाओ पर शिकंजा कसना होगा।

## बालू घाटों में हो रही ओवरलोडिंग, बालू सड़क पर गाड़ियां तालाश रहे अधिकारी

**बालू घाटों में ओवरलोडिंग रोकने के लिए लगे सीसीटीवी कैमरा फेल घाटों से ढाई से तीन किलोमीटर दूर लगाए गए कांटा**

**कौशाम्बी** जिले में बालू के अवैध खनन में सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस नीति पर अधिकारी पानी फेर रहें है। बालू घाटों से लगातार ओवरलोडिंग हो रही है।बालू घाटों पर कार्रवाई करने के बजाय अधिकारी सड़क पर ओवरलोड गाड़ियों की तालाश कर खानापूर्ति कर रहें है।जिले में तिल्हापुर कटैया, नन्दा का पुरवा महेवाघाट सहित तमाम बालू घाट संचालित हो रहें है। आरोप है कि बालू घाटों से खुलेआम ओवरलोडिंग हो रही है खनन विभाग के संरक्षण में खुलेआम बालू के अवैध खनन यमुना नदी से बालू माफिया द्वारा किया जा रहा है और ओवरलोडिंग गाड़ी सड़कों पर दौड़ रही है कार्यवाही के नाम पर केवल लीपापोती हो रही है अब अधिकारियों के ऊपर किसी नेता का दबाव है या दौलत के लालच में अधिकारी बालू माफियाओं पर कार्यवाही नहीं कर रहे हैं यह तो बड़ी जांच का विषय है बालू घाटों में लगे सीसीटीवी कैमरे भी अधिकारियों के गठजोड़ से फेल हो रहे है। इसके अलावा बालू घाटों में लगे धर्म कांटा भी केवल कागजी कोरम साबित हो रहें है। तिल्हापुर, महेवाघाट कटैया में कांटा तौल मशीन बालू घाट के आसपास लगाने के बजाय लगभग दो किलोमीटर से तीन किलोमीटर दूर लगाए गए है। और इन मशीनों में कितने बालू वाहनों की तौल कराई जाती है इसका भी कोई आंकड़ा नहीं दिखाई पड़ रहा है शासन की मानसा के विपरीत लगे कांटा को भी अफसर सही जगह में लगवाने की जहमत नहीं उठा रहें है। आरोप है कि बालू घाटों में ओवरलोडिंग रोकने में नाकाम अधिकारी सड़को पर ओवरलोड गाड़ियों की तालाश कर खानापूर्ति रहें है। जिससे बालू के अवैध खनन ओवरलोड परिवहन पर रोक लगाती नहीं दिख रही है।

## न्यूज झरोखा

### जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में स्थित विभागों/ पटलों का किया आकस्मिक निरीक्षण



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने आज कलेक्ट्रेट में स्थित विभागों/पटलों का आकस्मिक निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने राजस्व अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान शस्त्र अनुभाग, नजारत, संग्रह अनुभाग, आई.जी.आर.एस., निर्वाचन कार्यालय, चकबंदी कार्यालय, आबकारी कार्यालय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय आदि के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि पत्रावलियों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाय, पत्रावलियों को लंबित न रखा जाय जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आमजन से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। अभिलेखों का रख-रखाव व्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित किया जाय एवं कार्यालय की साफ-सफाई बेहतर रखी जाय।

### दो किसानों के घर में अचानक लगी आग ट्रैक्टर सहित तीन भैंस झुलसी



**बैरमपुर कौशांबी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के सेंगरहा गांव में सोमवार की दोपहर 2:00 बजे अचानक गांव के अवर नारायण पांडे व शिव प्रताप पांडे के घर में आग लग गई देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया आग लगने की जानकारी मिलते ही मौके पर गांव के सैकड़ों लोग पहुंच गए मामले की सूचना फायर ब्रिगेड और थाना पुलिस को दी गई घटना की जानकारी मिलते ही थाना अध्यक्ष पश्चिम शरीरा भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थाना पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों घरों में लगी आग को बुझाया लेकिन तब तक एक ट्रैक्टर झुलस गया था और तीन भैंस झुलस गई है इस अग्निकांड में एक भैंस की जलने से मौके पर मौत हो गई है पुलिस ने मरे हुए भैंस को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अचानक दो घरों में कैसे लगी है इसकी जानकारी नहीं हो सकी है हालांकि इस घटना में लाखों का नुकसान बताया जाता है इससे परिवार के लोग परेशान हो गए हैं।

### अवैध रुप से ग्रामसभा भूमि पर बनायी गयी बाउण्ड्रीवाल को हटाया



**कौशाम्बी।** एसडीएम मंझनपुर ने अवगत कराया है कि सुषमा पत्नी बृजेश कुमार निवासी अहिरन की डांडी,मजरा उरई अशरफपुर के द्वारा इस आशय की शिकायत की गयी थी कि ग्राम स्थित आ0 सं0 467 रकबा 0.166 हे0 खतौनी में बंजर खाते की भूमि है, जिसके लगभग 02 बिस्वा भूमि पर ज्ञान सिंह पुत्र रामहित के द्वारा पिलर डालकर 06 फिट उँची दीवार का निर्माण कर लिया है प्रकरण के सम्बन्ध में तहसीलदार मंझनपुर के द्वारा जाँचोपरान्त प्रेषित जाँच में आ0सं0 465, 467 व 469 बंजर खाते की भूमि पर ग्राम के ज्ञान सिंह द्वारा अनाधिकृत रुप से बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराया गया था. जिसे राजस्व व पुलिस टीम के द्वारा मौके पर जाकर अवैध रुप से ग्रामसभा भूमि पर बनायी गयी बाउण्ड्रीवाल को हटवाकर ग्रामसभा भूमि को खाली करा दिया गया है। जाँच के दौरान ग्रामसभा भूमि पर अन्य व्यक्तियों के भी अवैध मकान बने पाये जाने पर सम्बन्धित लेखपाल को अतिकमणियों के विरुद्ध नियमानुसार बेदखली की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

### सड़क पर कार रोक कर दरवाजा खोलने से बाइक सवार टकराया



**कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज बाजार में सोमवार की दोपहर लगभग 1:00 बजे मूरतगंज तिराहे से भरवारी रोड पर मुख्य रोड पर कार नंबर यूपी 70 एच एल 9414 में सवार लोगों ने कार को बीच सड़क पर अचानक रोक दिया पीछे से बाइक आ रही थी और बाइक को बिना देखे उन्होंने सड़क की तरफ का दरवाजा खोलकर कार से उतरने लगे जिससे बाइक सवार कार के दरवाजे से टकराकर जमीन पर गिर पड़ा और चोट खा गया दुर्घटना देखकर आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई मामले को लेकर काफी देर तक लोगों से नोक झोक होती रही बताया जाता है कि कार में एक पुलिस कमी और एक नेताजी बैठे थे दुर्घटना के बाद काफी देर तक बीच सड़क पर हंगामा होता रहा जिससे कुछ देर के लिए मौके पर आवागमन भी बाधित हो गया सूचना पाकर मूरतगंज चौकी पुलिस के साथ-साथ यातायात पुलिस के जवान भी मौके पर पहुंच गए काफी समझाने बुझाने के बाद मामला शांत हुआ है और उसके बाद घायल को मलहम पट्टी कराकर उसे घर भेज दिया गया है

### स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशांबी द्वारा डा0 ए0एस0 रिजवी कालेज करारी में लगा रक्तदान शिविर



**कौशांबी।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय कौशांबी एवं डा0 ए0एच0 रिजवी कालेज के संयुक्त तत्वाधान में डा0 ए0एच0 रिजवी कालेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर में कुल 32 रक्तदातओं ने पंजीकरण कराया एवं 20 रक्तदाताओ द्वारा रक्तदान कर महादानी बने।शिविर का सुभारम्भ चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 हरिओम कुमार सिंह एवं डा0 ए0एच0 रिजवी कालेज प्रधानाचार्य द्वारा किया गया चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि रक्तदान से लोगो की जान बचायी जा सकती है रक्तदान में सभी स्वस्थ्य व्यक्तियों को प्रतिभाग करना चाहि रक्दान करने से बहुत सी बिमारी होने का खतरा कम हो जाता है। रक्तदान प्रभारी द्वारा बताया गया कि कोई भी 18 से 65 वर्ष के बीच का स्वस्थ्य व्यक्ति रक्तदान कर सकता है रक्तदान करने के लिए बजन 45 कि0ग्रा0 के उपर होना चाहिए साथ ही यह रक्दान से होने वाले फायदो के बारे में अवगत कराया गया कि जो भी रक्तदान करता है उसे हार्टअटैक आने की सम्भावना कम होती है। रक्तदान शिविर में आये रक्दाताओ का उत्साहवर्धन किया। रक्तकेन्द्र प्रभारी डा0 रविरंजन सिंह एव0 डा0 रिजवी कालेज के प्रधानाचार्य द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया मोहम्मद हसन,मोहम्मद हसम अनवर मुकेश कुशवाहा,महबीश महबूब जाकिया सुल्ताना, आर्यन केसरवानी,सचिन केसरवानी,आलोक विश्वकर्मा, अभिषेक यादव,सौरभ कुमार, वंदना देवी,अजय कुमार, मयंक सिंह,वेदांत शुक्ला, साहब आलम , तनय जायसवाल ,मनीष मौर्य , लख्ते जामीन ,हसन अब्बास ,मोहम्मद अयान, विवेक कुमार महादानी बने हैं।

### फरियादियों से एसपी ने किया ऑनलाइन संवाद

**कौशाम्बी** जिले में फरियादियों की समस्याओं के त्वरित,प्रभावी एवं पारदशी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा एक अभिनव एवं सराहनीय पहल की जा रही है फरियादियों की समस्याओं पर सीधा थानेदार वा क्षेत्राधिकारी से वह बात कर समस्याओं के समाधान का निर्देश दे रहे हैं इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों से ऑनलाइन माध्यम से संवाद स्थापित किया गया है इस ऑनलाइन संवाद के दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया है तथा प्रत्येक प्रकरण का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध,निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए है पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण नियमानुसार एवं पारदशी प्रक्रिया के तहत हो,ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा उन्हें समय पर न्याय मिल सके यह पहल जनपद में पुलिस-जन संवाद को सुदृढ़ करने एवं जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सम्पादकीय

### आंदोलन, हिंसा, तख्ता पलट और बहुमत

**बांग्लादेश** नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने देश के संसदीय चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल करके दो दशक के अंतराल के बाद सत्ता में वापसी कर ली है। बीएनपी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान देश के नए प्रधानमंत्री होंगे। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तारिक रहमान से फोन पर बात कर उन्हें जीत की बधाई दी। इससे पहले मोदी ने सुबह ही बीएनपी को जीत की बधाई देते हुए ट्वीट कर दिया था।

देखा जाये तो बांग्लादेश चुनाव के परिणाम से केवल सत्ता परिवर्तन नहीं हुआ है बल्कि संभवतः उस दौर का भी अंत हुआ है जो लंबे समय तक शेख हसीना और उनकी अवामी लीग के इर्द-गिर्द घूमता रहा। छात्र आंदोलन, आर्थिक ठहराव, भ्रष्टाचार के आरोप और फिर हिंसक टकरावों के बाद बनी राजनीतिक खाली जगह को इस चुनाव ने भरा है। इन चुनावों का महत्व इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि यह उस उथल पुथल के बाद हुए हैं जिसने शेख हसीना की पंद्रह साल पुरानी सरकार को गिरा दिया था। छात्र आंदोलन पर सख्त कार्रवाई, बड़ी संख्या में जान हानि और उसके बाद हसीना का देश छोड़ना बांग्लादेश के लोकतांत्रिक इतिहास की बड़ी घटनाएं बन चुकी हैं। अंतरिम सरकार के रूप में नोबेल सम्मान पा चुके मुहम्मद यूनुस ने देश को चुनाव तक पहुंचाया, लेकिन उनका कार्यकाल भी तमाम तरह के विवादों से भरा रहा। चुनाव परिणामों में बीएनपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 297 सीटों में से 212 सीटें जीत कर साफ बहुमत हासिल कर लिया है। जमात ए इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन को 77 सीटें मिलीं, जबकि बाकी सीटें निर्दलीय और छोटे दलों के खाते में गईं। यह भी उल्लेखनीय है कि तीन दशक में पहली बार शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग का चुनाव चिह्न नाव मतपत्र पर नहीं था, क्योंकि पार्टी को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया। इससे साफ है कि बांग्लादेश की राजनीति अब दो पुराने ध्रुवों की सीधी टक्कर से आगे बढ़कर नए समीकरण बना रही है।

तारिक रहमान की वापसी भी अपने आप में एक अलग राजनीतिक कथा है। कभी निर्वासन में रहे रहमान अब साठ वर्ष की उम्र में देश की बागडोर संभालने जा रहे हैं। अपनी मां और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन के तुरंत बाद उन्होंने पार्टी की कमान संभाली थी और अब जीत को उनके नाम पर समर्पित करते हुए जश्न टालने की अपील की है। बीएनपी ने चुनाव परिणाम को लोकतंत्र की जीत बताया है और अपने कार्यकताओं के बलिदान को याद किया है। साथ ही तारिक रहमान का 31 सूत्रीय विकास कार्यक्रम एक कल्याणकारी सरकार बनाने की बात करता है, जिससे साफ है कि वह केवल सत्ता नहीं बल्कि नीति आधारित वैधता भी चाहते हैं।

सामाजिक स्तर पर भी यह चुनाव अहम रहा। मतदान के दिन सुबह से लंबी कतारों में खड़े मतदाताओं ने यह संकेत दिया था कि लोग पारदर्शी चुनाव और स्थिर शासन चाहते हैं। साथ ही अल्पसंख्यक समुदाय खासकर हिंदू समाज पर हमलों की खबरों के बीच ढाका से बीएनपी के हिंदू नेता गायेश्वर चंद्र राय की जीत प्रतीकात्मक महत्व रखती है।

# जो उचित है वही करो

**सर्वमित्रा सुरजन**

सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए नियम बनाए कि एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट रूप से लेबल (वाटरमार्क) लगाएं। ऐसी सामग्री में पहचान के लिए संकेत जरूर होने चाहिए। सरकार ने कहा कि एक बार एआई लेबल या मेटा डाटा लगाने के बाद उसे हटाया या दबाया नहीं जा सकता।

नरेन्द्र मोदी सरकार में संसद सत्र के सुचारू रूप से न चलने के लिए विपक्ष को कई तरह से जिम्मेदार ठहराया जाता है। कभी सदन में हंगामा करने, कभी संसदीय परंपराओं का पालन न करने या मुद्दों से भटकाने के आरोप कई बार विपक्षी सांसदों पर लगाए गए और उन्हें निलंबित भी किया गया। मोदी सरकार के पिछले कार्यकाल में ही कम से कम सौ सांसदों के निलंबन का रिकार्ड बना है। लेकिन अब केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरण रिजीजू ने एक बेहद गंभीर आरोप कांग्रेस सांसदों पर लगाया है। श्री रिजीजू का कहना है कि 'कम से कम 20-25 कांग्रेस सांसद लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में घुस गए और उनके साथ गाली-गलौज की। जी हां, यही शब्द किरण रिजीजू ने इस्तेमाल किए। उनका कहना है कि मैं भी वहीं था और जो गालियां कांग्रेस सांसदों ने दी, वो मैं बता भी नहीं सकता। श्री रिजीजू ने यह भी कहा कि लोकसभा अध्यक्ष इससे बहुत आहत हैं। वे बहुत नरम इंसान हैं, नहीं तो सख्त कार्रवाई की जाती। इसके बाद किरण रिजीजू ने यह भी कहा कि हमारे कोई सांसद ऐसा व्यवहार करते तो हम उन्हें रोकते, लेकिन उस वक्त प्रियंका गांधी और केसी वेणुगोपाल समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी अंदर मौजूद थे, और वे उन्हें लड़ने के लिए उकसा रहे थे।'

पाठक जानते हैं कि पिछले बुधवार ओम बिड़ला ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस की महिला सांसद लोकसभा में प्रधानमंत्री के बैठने की जगह को घेरे हुई थीं और वो उन पर हमला करने की तैयारी में थीं, इसलिए प्रधानमंत्री को लोकसभा में आने से मना किया गया। अब ये नया आरोप कांग्रेस सांसदों पर लगा है कि उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष के साथ ही दुर्व्यवहार किया। अगर इन आरोपों में सच्चाई है तो फिर भाजपा सरकार या ओम बिड़ला किस बात का इंतजार कर रहे हैं, अब तक कोई कठोर कार्रवाई क्यों नहीं की गई। क्या लोकसभा अध्यक्ष के कमरे में सीसीटीवी नहीं लगा है, जहां सब कुछ देखा जा सके। ओम बिड़ला को कांग्रेस सांसदों ने कथित तौर पर जो गालियां दीं, उस घटना को देश ने अब तक न देखा न सुना है। लेकिन संसद के भीतर जब भाजपा के तत्कालीन सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा के तत्कालीन सांसद दानिश अली को अपशब्द कहे थे, उसे लोकसभा अध्यक्ष समेत पूरे देश ने देखा और सुना था। तब बिड़ला साहब आहत होने से कैसे चूक गए, इसका जवाब उन्हें देना चाहिए। जहां तक सवाल उनके नरम इंसान होने का है, तो वह व्यक्तिगत तौर पर चाहे जैसे हों, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष की आसंदी पर केवल निष्पक्ष होने की जरूरत है, जो अक्सर वे नजर नहीं आते हैं। किरण रिजीजू ने लोकसभा अध्यक्ष के बचाव में यह भी कहा कि उन्होंने एक नियम बताया, जिसका पालन नहीं हुआ और फिर राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें बोलने के लिए किसी की अनुमति की जरूरत नहीं है। वह अपनी मजी से बोलेंगे, बिना किसी नियम के...जबकि यह आधा सच है। राहुल गांधी ने सदन में कहा था कि आप यह नहीं कह सकते कि आपको बोलने की इजाजत दी जा रही है। विपक्ष का नेता होने के नाते यह मेरा हक है। इसमें राहुल गांधी ने आसंदी की अवहेलना नहीं की थी, केवल निर्वाचित सांसद का अधिकार बताया था।

दरअसल पूरी मोदी सरकार इस समय बुरी तरह घिरी हुई है। अमेरिका से व्यापार सौदे का सच और एपस्टीन मामले में नाम उछलने के बाद जनता के सामने अपनी




छवि बचाने की कोशिश भाजपा कर रही है और इसके लिए उसे यही तरीका समझ आ रहा है कि किसी भी तरह कांग्रेस की लकीर छोटी की जाए। इसलिए कभी प्रधानमंत्री पर हमले की साजिश, कभी लोकसभा अध्यक्ष को गालियों के आरोप लगाए जा रहे हैं। इधर मनोज नरवणे की किताब का सच भी सरकार सामने नहीं आने देना चाहती। इसलिए प्रकाशक से कहलवा दिया गया कि किताब प्रकाशित ही नहीं हुई है। मनोज नरवणे ने भी इसकी पुष्टि कर दी है। हालांकि श्री नरवणे को कायदे से यह बताना चाहिए कि जो कुछ राहुल गांधी ने उनके हवाले से कहा है, वो सही है या नहीं। अगर राहुल गांधी गलत हैं, तो फिर श्री नरवणे ने अब तक उन पर कुछ क्यों नहीं कहा, ये बड़ा सवाल है। वैसे राहुल गांधी संसद परिसर में फोर स्टार्स इन ए डेस्टिनी किताब ले आए, तो जवाब देने के लिए केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह नेहरूजी के कुछ पोस्टर्स ले कर आए। लेकिन उसमें भी भाजपा फंस गई।

मंगलवार को सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए नियम बनाए कि एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट रूप से लेबल (वाटरमार्क) लगाएं। ऐसी सामग्री में पहचान के लिए संकेत जरूर होने चाहिए। सरकार ने कहा कि एक बार एआई लेबल या मेटा डाटा लगाने के बाद उसे हटाया या दबाया नहीं जा सकता। लेकिन सरकार के बनाए नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए गिरिराज सिंह एआई से बनाए गए पोस्टर्स ले आए। संघ और भाजपा ने नेहरूजी में कमियां ढूंढने की कोशिश में हताश होकर उनके चरित्र हनन का ही तरीका अपनाया है। नेहरूजी के कपड़े पेरिस धुलने जाते थे से लेकर उनके कितनी महिलाओं से संबंध थे और लेडी माउंटबेटन से उनका प्रेम प्रसंग था, जैसे ढेरों ऊटपटांग किस्से पहले पोस्टकार्डों पर और फिर सोशल मीडिया पर घूमते हैं। अब गिरिराज सिंह बाकायदा उन झूठों का पोस्टर छपवाकर ले आए। संसद परिसर में उन्होंने कम से कम पांच पोस्टर पत्रकारों को दिखाए। पहला पोस्टर ए आई से बना है, जिसमें नेहरू और लेडी माउंटबेटन को गलबहियां करते दिखाया गया है। इसमें पीछे राष्ट्रपति भवन दिख रहा है। जाहिर है बीच सड़क पर इस तरह की क्लोज फोटो उस समय तो नहीं खींची गई होगी, लेकिन इसे गिरिराज सिंह ने दिखाया है। दूसरे पोस्टर में तीन फोटो हैं, पहली तस्वीर नेहरूजी के साथ उनकी बहन विजयलक्ष्मी पंडित की है। यह तस्वीर अमेरिका की है। इसी पोस्टर में दूसरी तस्वीर भी विजयलक्ष्मी पंडित के साथ है, जो रूस में खींची गई है और इस पोस्टर की तीसरी फोटो में नेहरू विजयलक्ष्मी पंडित की बेटी मतलब अपनी भांजी नयनतारा सहगल के साथ लंदन में हैं। अब भाजपा नेता बताएं कि बहन और भांजी के साथ फोटो खिंचवाने में क्या गलत है। तीसरा पोस्टर फिर एआई से बना है और इसमें पहले पोस्टर की ही तस्वीर है। इस पर लिखा है अंग्रेज की बाहों में नेहरू का सरेंडर। चौथा पोस्टर फिर कश्मीर का सरेंडर के साथ लिखा हुआ है। इसमें दिखाई गई महिला के लिए लेडी माउंटबेटन लिखा है, हालांकि वे तत्कालीन ब्रिटिश डिप्टी हाईकमिश्नर की पत्नी श्रीमती सिमॉन हैं।

इन तमाम पोस्टर्स में जिस तरह सरेंडर शब्द लिखा गया है, उसमें भी भाजपा घिर गई है, क्योंकि यही शब्द राहुल गांधी नरेन्द्र मोदी के लिए इस्तेमाल करते हैं। भाजपा ने इसे इस्तेमाल कर कहीं न कहीं राहुल गांधी की बात पर मुहर ही लगाई है। बहरहाल, नेहरूजी पर बोला गया झूठ फौरन पकड़ाई में आ गया और ऐसा पहले भी कई बार हो चुका है। भाजपा को लगता है कि जनता उसकी कही हर बात पर पहले की तरह यकीन कर लेगी, तो ऐसा अब नहीं है। क्योंकि सोशल मीडिया का जो हथियार उसके पास है, वह कांग्रेस समेत तमाम विपक्ष के पास भी है। वैसे भी जनता रोजाना के ऐसे छिछले-उथले आरोपों की राजनीति से तंग आ चुकी है। उसे असल प्रश्नों के असल जवाब चाहिए। राहुल गांधी और समूचा विपक्ष इन्हीं सवालों को संसद में उठाने की लगातार कोशिश कर रहा है। लेकिन भाजपा नेहरू जी से आगे बढ़ ही नहीं पा रही है। निशिकांत दुबे और गिरिराज सिंह जैसे नेता तो इस तरह फिर भी कुछ सुर्खियां बटोर रहे हैं, लेकिन नरेन्द्र मोदी को नुकसान भी पहुंचा रहे हैं। बेहतर होगा कि मोदीजी अपनी इन छिद्रों वाली ढालों को परे करें और असली हिम्मत का परिचय देकर विपक्ष के उठाए सवालों के जवाब दें। जो उचित समझो वो करो, इस तरह का टालमटोल वाला रवैया देश के प्रधानमंत्री को नहीं अपनाना चाहिए। उचित क्या है, इसे समझाते हुए उन्हें जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए। यानी जो उचित है वही करना चाहिए।

# विवादित हो सकते हैं भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के वायदे

**नन्तू बनर्जी**

**अमेरिका** के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने में भारी देरी के कारण, भारत ने पिछले महीने यूरोपीय संघ के साथ एक मेगा व्यापार और आर्थिक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसे उसने 'सभी सौदों की जननी' के रूप में ब्रांडेड किया। इस डील से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात को प्रवेश मिलेगा, जिससे अमेरिकी बाजार पर निर्भरता से दूर एक रणनीतिगत मोड़ मिलेगा। महीनों की बातचीत और अनिश्चितताओं के बाद पिछले सप्ताहांत भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के पहले हिस्से के सम्पन्न होने पर जो उत्साह था, वह यदि जल्दबाजी में प्रकट नहीं हुआ हो तो शायद बेतुका है, क्योंकि यह अभी भी साफ नहीं है कि रूस और ईरान जैसे देशों को मिलाकर भारत की बहुपक्षीय संबंधों वाली वैश्विक व्यापार और आर्थिक रणनीति के प्रति संयुक्त राज्य अमेरिका का रवैया क्या होगा और यह व्यापार समझौते पर कैसे असर डाल सकता है। अमेरिका, जो चीन से सामान का सबसे बड़ा आयातक है, चीन के रूस, ईरान, नॉर्थ कोरिया, क्यूबा और वेनेजुएला जैसे बड़े अमेरिका विरोधी देशों के साथ मजबूत व्यापार और राजनयिक रिश्तों के बावजूद चीन के प्रति तुलनात्मक रूप से नरम रहा है। रूस के साथ, भारत लंबे समय से असैन्य नाभिकीय और रक्षा क्षेत्र सहित कई क्षेत्रों में मजबूत बहुआयामी रिश्ते का आनंद ले रहा है। भारत रूस में तेल की खोज और उत्पादन में भी एक निवेशक है। अमेरिका के साथ भारत के व्यापार समझौते से इसकी



'स्विंग स्टेट' के तौर पर अपनी स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए, ताकि वह अपनी सुरक्षा और विकास के फायदों को बचाते हुए सभी तरफ से ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सके।

यह अच्छी बात है कि अमेरिका ने आखिरकार भारतीय निर्यात पर 'पारस्परिक टैरिफ' को घटाकर 18प्रतिशत करने का फैसला किया है। बदले में, भारत अब अमेरिका से आयातित होने वाली कई चीजों पर लगने वाले करों में कटौती करेगा। इस व्यापार समझौते में अमेरिका ने रूसी खनिज तेल की खरीद पर भारतीय निर्यात पर लगने वाले 25प्रतिशत दंडात्मक टैरिफ भी खत्म कर दी, हालांकि यह साफ नहीं है कि क्या इसका मकसद भारत को रूस से तेल खरीदने से पूरी तरह रोकना था। इस समझौते से भारत के दो बड़े निर्यातक ग्रुप को फायदा होगा- एक में कपड़ा, चमड़ा, रसायन, और समुद्री उत्पादन शामिल हैं; और दूसरे में दवाएं और स्मार्टफोन शामिल हैं। ये दोनों ग्रुप अभी अमेरिका को भारत के निर्यात का 56प्रतिशत के हिस्सेदार हैं। इस समझौते से उच्च मूल्य वाले औद्योगिक उत्पादनों के अमेरिका को निर्यात के लिए ज्यादा फायदेमंद होने की उम्मीद है, जिनमें से 90प्रतिशत से ज्यादा को टैरिफ खत्म करने, 10 सालों में ड्यूटी में कटौती और कोटा के आधार पर कमी जैसी कई छूट मिलेंगी। ऐसा लगता है कि व्यापार सौदा अगले पांच वर्षों में अमेरिका से भारत के आयात के 500 अरब डॉलर तक बढ़ने के बारे में कुछ हद तक आशावादी है। भारत एक अग्रणी व्यापारिक राष्ट्र नहीं है। वैश्विक व्यापारिक राष्ट्रों में, भारत आयातक के रूप में 10वें और निर्यातक के रूप में 13वें स्थान पर है। उच्च मूल्य के निर्मित उत्पादों की इसकी विनिर्माण और खपत क्षमताएं सीमित रही हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में, अमेरिका से भारत के माल आयात का मूल्य केवल लगभग 45.33 अरब डॉलर था। नई रियायतों के बावजूद अगले पांच वर्षों में इन आयातों के 10 गुना से अधिक बढ़कर 500 अरब डॉलर होने की उम्मीद करना अतार्किक लगता है। भारत साल दर साल भारी अंतरराष्ट्रीय व्यापार घाटे से जूझ रहा है। इसकी अर्थव्यवस्था एक ही देश से इतने बड़े आयात से हिल सकती है जब तक कि भारत अपने वार्षिक व्यापार घाटे को नियंत्रित करने के लिए अन्य देशों से आयात में भारी कटौती करने का फैसला नहीं करता। वर्ष 2024-25 में, 50 से ज्यादा देशों से भारत का कुल व्यापारिक वस्तुओं का आयात 720.24अरब डालर था, जबकि निर्यात से सिर्फ 437.42अरब डालर की कमाई हुई, जिससे 282.83 अरब अमेरिकी डालर का व्यापारिक घाटा हुआ। अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए नया तय किया गया फ्रेमवर्क, जिसमें अगले पांच सालों में 500 अरब डालर का सालाना आयात करने का वायदा किया गया है, भारत ऊर्जा उत्पादन (तेल, एलएनजी, और एलपीजी), कमर्शियल एयर क्राफ्ट और पाट्र्स (खासकर बोइंग से), कोकिंग कोल, कीमती धातुएं, और डेटा सेंटरों के लिए ग्राफिक प्रोसेसिंग इकाइयां (जीपीयू)जैसे हाई-टेक प्रोडक्ट्स पर ध्यान केन्द्रित करेगा। दिलचस्प बात यह है कि केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इस 500अरब डालरके आंकड़ों को 'रूढ़ीवादी' बताया।

# ओरण के अस्तित्व के लिए 'राष्ट्रीय गौसेवा नीति'

**— कौशल किशोर**

**आयुर्वेद** में गाय के दूध से बने देसी घी की तुलना अमृत से की गई है। स्वास्थ्य के लिए इसे हानिकारक बताने की राजनीति भी इस कड़ी में शामिल है। इसके पीछे यदि कोई ठोस आधार रहा होता तो अब तक सामने अवश्य आता। यह अमेरिकी 'फार्मा लॉबी' और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के बीच गठजोड़ को ही दशार्ता है। इस मामले में एक ऐसी 'राष्ट्रीय गोसेवा नीति' की जरूरत है

राजस्थान के करीब 41 लाख एकड़ 'ओरण भूमि' पर संकट के बादल छाए हुए हैं। सूबे की सरकार ने जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर, जालोर और पाली जिले में 'सोलर पार्क' जैसे व्यावसायिक कार्यों के लिए नियमों को ताक पर रखकर सैंकड़ों एकड़ ऐसी जमीन का भू-उपयोग बदलकर जनता को विरोध के लिए मजबूर किया है। इस 'ओरण क्षेत्र' को देश के अन्य क्षेत्रों में 'देवभूमि,' 'देवबनी' और 'गोचर' कहा जाता है।



सार्वजनिक उपयोग के कारण इसका नियंत्रण ग्रामसभा के आधीन होता है इसलिए ग्राम पंचायत की सहमति के बिना सरकार इस परिवर्तन के लिए अधिकृत भी नहीं है। ऐसा करने से पहले उतनी ही भूमि गोचर-ओरण के लिए अन्यत्र आवंटित करने का विधान है। इसके विरुद्ध ग्रामसभा प्रस्ताव पारित कर प्रशासन को ज्ञापन देने के साथ धरना-प्रदर्शन व यात्रा निकालकर जन-जागरण और सत्याग्रह करने में लगी है। सरकार और प्रशासन की कोशिशों के बावजूद यह सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। इसी के साथ 'अरावली संरक्षण आंदोलन' भी सुर्खियों में है।

उच्चतम न्यायालय केन्द्र सरकार की अनुशंसा पर 20 नवम्बर, 2025 को अरावली पर्वत की परिभाषा बदल देता है। राजस्थान और गुजरात ही नहीं, बल्कि दिल्ली और हरियाणा में भी जनता इसका विरोध करने लगी है।

लगातार बढ़ते इस विरोध को ध्यान में रखकर 27 दिसम्बर को मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने इस पर स्थगनादेश जारी कर सुनवाई शुरू की, लेकिन सरकार और न्यायालय की मंशा भांपकर आम लोग सार्वजनिक उपयोग की जमीन को बचाने के लिए संघर्ष का बिगुल फूंक चुके हैं। 'अरावली संरक्षण आंदोलन' और 'ओरण क्षेत्र' की रक्षा में लगे समूह एकजुट हो रहे हैं। जन-जागरण के लिए दोनों समूहों की सक्रियता साफ दिखती है। सार्वजनिक उपयोग की भूमि उद्योगपतियों को सौंपने के मामले में सरकार को आने वाले समय में मुश्किलों का सामना करना होगा।

गौरक्षा आंदोलन के प्रवर्तक संत समाज के लोग भी इस जनांदोलन से जुड़कर विरोध दर्ज कर रहे हैं। हालांकि राजसत्ता के सामने इनकी हस्ती भी 1966 से ही 'पब्लिक डोमेन' में रही है।

इंदिरा गांधी की सरकार ने देश को आईना दिखाया था। महात्मा गांधी और संघ परिवार से जुड़े धर्मपाल जी की अध्यक्षता में 'राष्ट्रीय पशु आयोग' का गठन कर 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने एक पहल अवश्य शुरू की थी। सत्तारूढ़ भाजपा के एजेंडे में अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना की तरह यह एक अहम मुद्दा है।

## महाशिवरात्रि पर भक्ति की धारा, पूरे बाबा बंशीधर धाम में उमड़ा आस्था का सागर

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर। महाशिवरात्रि** के पावन पर्व पर जनपद के अलीगंज उचगांव स्थित पूरे बाबा बंशीधर धाम में इस वर्ष भी श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर ह्यहर-हर महादेवह्ल के जयघोष और भक्ति गीतों से गुंजायमान रहा। सुबह धाम परिसर में सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। विधिवत पूजन के साथ प्रारंभ हुए पाठ के दौरान वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो उठा।



श्रद्धालुओं ने एकाग्रचित होकर पाठ का श्रवण किया और भगवान शिव व प्रभु श्रीराम का स्मरण करते हुए क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। दिनभर भक्तों की भारी भीड़ दर्शन हेतु उमड़ती रही। पूजा-अर्चना के पश्चात भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित ढंग से प्रसाद वितरित किया गया।आयोजन का संचालन एवं व्यवस्थापन पुष्पेंद्र दुबे (डीएम), रमापति दुबे, सचिन विश्वकर्मा, स्कंद दुबे, नरेंद्र दुबे, सुकित दुबे एवं रोहन दुबे की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## शहीद मर्द बाबा की मजार पर उमड़ा आस्था का सैलाब,ब्लॉक प्रमुख ने चादर चढ़ाई

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर। बल्दीराय** तहसील क्षेत्र के गनापुर स्थित शहीद मर्द बाबा (बरगदहईया बाबा) की मजार पर सोमवार को सालाना उर्स के अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।अकीदतमंदों ने बाबा की मजार पर चादर चढ़ाकर अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी।मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार ने बाबा की मजार पर चादरपोशी की और हाल ही में कराए गए इंटरलॉकिंग कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। इस



दौरान उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास और सुंदरीकरण क्षेत्र की आस्था और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा विषय है। ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा और सौहार्द मजबूत होता है।दूर-दराज से आए जायरीनों ने मजार पर मत्था टेककर दुआएं मांगीं।

## काली माता मंदिर पर हाई मास्क लाइट, महाशिवरात्रि पर मिली सौगात

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर। इसौली** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पूरे पंडित आचार्य ग्राम पंचायत बड़नपुर स्थित काली माता मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के अवसर पर हाई मास्क लाइट लगाई गई। यह कार्य इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान की पहल पर संपन्न हुआ।विधायक ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों जैसे चौराहों, मंदिरों,मस्जिदों,पंचायत भवनों और विद्यालय परिसरों में प्रकाश व्यवस्था बेहतर होने से आमजन को सुविधा मिलती है। रात में पर्याप्त रोशनी रहने से जहां लोगों का




आवागमन सुगम होता है,वहीं सुरक्षा की दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण है। उजाले से असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने में मदद मिलती है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। सड़क निर्माण,सोलर लाइट,हाई मास्क व सेमी हाई मास्क लाइट जैसी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं।मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित जगदेव प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि मंदिर परिसर में अब चारों ओर पर्याप्त प्रकाश रहेगा। यहां नियमित रूप से सुंदरकांड पाठ,श्रीरामचरितमानस पाठ और बाल भोज जैसे धार्मिक आयोजन होते हैं। बेहतर रोशनी से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी।

# बोर्ड परीक्षा से पहले अलर्ट प्रशासन 40 परीक्षा केंद्रों पर पैनी नजर

अखंड भारत संदेश



ऑनलाइन मॉनिटरिंग से पारदर्शिता की तैयारी जांचते एसडीएम

**चित्रकूट।** जनपद में बोर्ड परीक्षा की पारदर्शिता और सख्ती सुनिश्चित करने के लिए सोमवार 16 फरवरी को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण कंट्रोल रूम प्रभारी उप जिलाधिकारी ;न्यायिकद्ध सौरभ यादव ने किया। निरीक्षण के दौरान 40 परीक्षा केंद्रों में लगे डीवीआर और सीसीटीवी कैमरों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग व्यवस्था को परखा गया और सभी केंद्रों का संचालन सुचारु पाया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक कक्षा में कैमरे स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हों तथा विद्यालय परिसर और कक्षाओं की साफ.सफाई दुरुस्त रखी जाए। साथ ही पेयजलए फर्नीचरए प्रकाश व्यवस्था और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं परीक्षा पूर्व पूर्णतः व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकरए परीक्षा प्रभारी फूलचंद सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

शत.प्रतिशत पंजीकरण का लक्ष्य.18 पार युवाओं और महिलाओं को वोटर सूची में जोड़ने की तैयारी 0 मतदाता पंजीकरण का महाअभियान शुरू 0 फार्म.6 अभियान से बढ़ेगी युवाओं की हिस्सेदारी चित्रकूट। जिले में लोकतंत्र की नींव मजबूत करने के लिए अब कैंपस और गांव की चौपाल दोनों सक्रिय होंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारीए उत्तर प्रदेश के निर्देश पर 18.20 आयु वर्ग के छात्र.छात्राओं और पात्र महिला मतदाताओं के लिए विशेष फार्म.6 पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिले के स्कूलों और कॉलेजों में गठित ईएलसी ;इलेक्ट्राल लिटरेरी क्लबद्ध को पुनः सक्रिय कर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में समर्पित सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा विशेष कैंप लगाए जाएंगे। राजनीति शास्त्र के अनुभवी शिक्षकों को नोडल अधिकारी बनाया जाएगाए जबकि हर कक्षा से एक छात्र.छात्रा कार्यकारी समिति में शामिल होगा और एक कैंपस एम्बेसडर नामित किया जाएगाए जो साथियों को मताधिकार के प्रति जागरूक करेगा। ऑनलाइन पंजीकरण वोटर्स डाट गव इन और ईसीआईनेट ऐप के माध्यम से तथा ऑफलाइन बूथ लेवल अधिकारी के जरिए फार्म.6 भरवाया जाएगा। 01 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं का शत.प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाएगाए वहीं 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वालों का अग्रिम पंजीकरण भी संभव होगा। दूसरी ओरए एनआरएलएम समूह सखियोंए आशा.एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकताओं के सहयोग से ऐसी महिलाओं को चिन्हित कर मतदाता सूची में जोड़ा जाएगाए जिनका नाम अब तक दर्ज नहीं है। लक्ष्य साफ है.हर युवा और हर महिला लोकतंत्र की निर्णायक ताकत बने।

# सदन में गूंजा चित्रकूट का दर्द. स्वास्थ्य, पर्यटन व भ्रष्टाचार पर सदन में अनिल प्रधान का प्रहार

- सदर विधायक का सीधा सवाल
- खून से लिखे पत्र भी बेअसर
- चित्रकूट को मेडिकल कॉलेज कब

अखंड भारत संदेश


सदर विधायक अनिल प्रधान

**चित्रकूट।** अनिल प्रधान ने 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश विधानसभा के प्रथम सत्र में चित्रकूट की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आकांक्षी जनपद चित्रकूट का संयुक्त जिला चिकित्सालय और 200 बेड का मातृत्व एवं शिशु चिकित्सालय महज रेफर सेंटर बनकर रह गए हैंए जहाँ न विशेषज्ञ डॉक्टर हैं और न पर्याप्त स्टाफ। जिले में एक भी हृदय रोग विशेषज्ञ का न होना गंभीर चिंता का विषय है। मेडिकल कॉलेज की मांग पर वर्षों से पीपीपी मॉडल का वही घिसा.पिटा जवाब मिल रहा हैए जबकि मुख्यमंत्री के वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज के वादे को नौ वर्ष बीत चुके हैं। युवाओं ने आमरण अनशन कियाए खून से पत्र लिखेए पर ठोस घोषणा आज भी नहीं हुई। तारांकित व अतारांकित प्रश्नों के माध्यम से विधायक ने 2017 से अब तक स्थापित मेडिकल कॉलेजोंए चिकित्सा विश्वविद्यालयोंए 24 घंटे पोस्टमार्टम व्यवस्थाए कैंसर अस्पतालए आइसोलेशन वार्डए स्टाफ नर्स व वार्ड बॉय की रिक्तियों तथा आशा बहुओं के मानदेय वृद्धि जैसे मुद्दों पर जवाब माँगा। पर्यटन योजनाओं में वित्तीय स्वीकृतियों और टीएसी जांच की मांग कर पारदर्शिता पर भी सवाल उठाया। पशुधन आश्रयों में मौतों और सड़कों पर छुट्टा पशुओं से हो रही दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी तय करने की बात कही। वहीं रेशम विभाग में सिल्क समग्र.2 योजना में कथित दलाली और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। सदन में उनका सीधा प्रश्न गूंजता रहा. चित्रकूट को उसका हक कब मिलेगा।

## सीएम युवा योजना की समीक्षा में एसबीआई पर बरसे सीडीओ, एक हफ्ते में निस्तारण के आदेश

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी ने सोमवार को मुख्यमंत्री युवा योजना की समीक्षा बैठक में बैंकों की कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाया। विशेष रूप से स्टेट बैंक आफ इंडिया में 86 आवेदन लंबित पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजना का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना हैए ऐसे में उदासीनता किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में अन्य बैंकों की स्थिति अपेक्षाकृत संतोषजनक रही. बैक आफ महाराष्ट्र ;20 लक्ष्यए 14 स्वीकृत, 1 लंबित, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया ;20 लक्ष्यए 11 स्वीकृतए 3 लंबित, पंजाब एंड सिंध बैंक ;20 लक्ष्य, 16 स्वीकृत, 1 लंबित तथा यूको बैंक ;20 लक्ष्य, 11 स्वीकृत, 2 लंबित। हालांकि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कम आवेदन भेजे जाने पर उद्योग विभाग और सीएम युवा फेलो को भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधकए सहायक आयुक्त उद्योग और संबंधित शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## अमावस्या मेला विशेष. शहर में भारी वाहनों पर प्रतिबंध, बदले यातायात मार्ग

- 16 से 18 फरवरी तक कर्वी नो.एंट्री जोन
- तीन दिन कर्वी में भारी वाहनों पर ब्रेक

**चित्रकूट।** फाल्गुन मास अमावस्या मेले में उमड़ने वाली आस्था की भीड़ को सुरक्षित और सुव्यवस्थित रखने के लिए प्रशासन ने कर्वी नगर को तीन दिनों के लिए भारी एवं मध्यम मालवाहनों से मुक्त रखने का निर्णय लिया है। 16 फरवरी प्रातः 6:30 बजे से 18 फरवरी रात्रि 12 बजे तक आपातकालीन और आवश्यक वस्तुओं को छोड़कर सभी भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके बाद 19 फरवरी से आगामी 30 दिनों तक चयनित स्थानों.लोढ़वारा मोड़ए रेहुटिया रेलवे क्रॉसिंगए खोह पुलिस लाइन तिराहाए शेषनपुरवा मोड़ और बेड़ी पुलिया.पर निर्धारित समयावधि में नो.एंट्री लागू रहेगी। सुबह 6:30 बजे से रात्रि 9 से 11 बजे तक अलग.अलग प्वाइंट पर सख्ती बरती जाएगीए और जो वाहन 6:30 बजे से पहले प्रवेश कर चुके होंगेए उन्हें सुबह 7 बजे तक हर हाल में बाहर निकलना होगा। प्रयागराजए बांदाए सतना और कौशाम्बी की ओर जाने वाले भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैंए जिनमें बोड़ी पोखरी चौराहाए राजापुरए मारकुण्डी तिराहा और जीरो प्वाइंट प्रमुख हैं। वहीं दोपहिया और हल्के वाहन धनुष चौराहा से देवांगना घाटी होकर संचालित होंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विवाहए जुलूस या विशेष आयोजनों के मद्देनजर समय में बदलाव की सूचना बैरियर पर ही दी जाएगी। आस्था के इस महासंगम में सुरक्षा और सुगमता का यह ट्रैफिक ब्लूप्रिंट व्यवस्था की सख्त लेकिन संवेदनशील तस्वीर पेश कर रहा है।

# डीएम के निर्देश पर 1.49 करोड़ से बदलेगी सीमा विस्तारित राजापुर की तस्वीर

**चित्रकूट।** जनपद की सीमा.विस्तारित नगर पंचायत राजापुर के लिए वित्तीय वर्ष 2025.26 एक नई विकास गाथा लिखने जा रहा है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत राजापुर में कराए जाने वाले विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों हेतु कुल 2 करोड़ 99 लाख 97 हजार रुपये ;जीएसटी सहितद्ध की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। शासन द्वारा इसकी प्रथम किश्त के रूप में 1 करोड़ 49 लाख 99 हजार रुपये की धनराशि नगर पंचायत को अवमुक्त कर दी गई है। यह राशि राजापुर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करनेए सड़कोंए नालियोंए प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं के विस्तार में खर्च की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारीए नगर पंचायत राजापुर को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत प्रथम किश्त से सभी अनुमोदित विकास कार्यों को अविलंब प्रारंभ कराया जाएए ताकि आमजनमानस को योजना का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके और राजापुर को आधुनिक नगर की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाया जा सके।

# कर्वी से खसरा पर वार, एमआर टीकाकरण अभियान का शंखनाद

- 27 फरवरी तक चलेगा महाअभियान
- स्कूलों में सजे स्वास्थ्य शिविर



स्वास्थ्य शिविर में बच्चों को जागरुक करते बीएसए

**चित्रकूट।** जनपद में मिजिल्स.रूबेला उन्मूलन की दिशा में सोमवार को एक निर्णायक पहल हुईए जब नगर क्षेत्र कर्वी के नया बाजार स्थित कम्पोजिट विद्यालय में एमआर टीकाकरण अभियान का विधिवत शुभारंभ हुआ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ;प्रतिरक्षणद्ध डॉ जीआर रतमेले ने संयुक्त रूप से फीता काटकर अभियान की शुरूआत की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि महानिदेशकए परिवार कल्याणए उत्तर प्रदेशए लखनऊ के निदेर्शानुसार 16 से 27 फरवरी तक जनपद के सभी सरकारीए निजी स्कूलों और मदरसों में कक्षा 1 से 5 ;5 से 10 वर्ष आयु वर्गद्ध के बच्चों को निःशुल्क एमआर वैक्सीन लगाई जाएगी। उद्घाटन सत्र में 69 बच्चों का लक्ष्य निर्धारित थाए जिनमें से 35 बच्चों का टीकाकरण एएनएम प्रियंका देवी द्वारा किया जा चुका था। जनपद के कुल 1207 विद्यालयों में पंजीकृत बच्चों को चरणबद्ध कार्ययोजना के तहत प्रतिरक्षित किया जाएगा। डॉ द्विवेदी ने कहा कि खसरा अत्यंत संक्रामक रोग हैए जबकि रूबेला गर्भस्थ शिशु के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अभियान को जनआंदोलन बनाएं और अधिक से अधिक बच्चों को टीकाकरण केंद्र तक लाएं। स्वास्थ्यए शिक्षा व आईसीडीएस विभाग के समन्वय से चल रहा यह अभियान चित्रकूट को खसरा.रूबेला मुक्त बनाने की मजबूत पहल साबित हो रहा है।

# हरी झंडी के साथ गांवों में उतरा श्री अन्न जागरूकता अभियान आज

अखंड भारत संदेश


मिलेट्स जागरूकता वैन को रवाना करते डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मिलेट्स जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर जनपद के गांवों के लिए रवाना कियाए जिसके साथ ही श्री अन्न को घर.घर पहुंचाने का अभियान तेज हो गया। मिलेट्स की खेतीए प्रसंस्करणए विपणन और उपभोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई यह एलईडी युक्त प्रचार वैन किसानोंए महिलाओं और आमजन को आधुनिक तकनीकों तथा मिलेट्स से बनने वाले पौष्टिक व्यंजनों की जानकारी देगी। जिलाधिकारी ने कहा कि दैनिक आहार में मिलेट्स शामिल करने से आवश्यक खनिज और पोषक तत्वों की पूर्ति होती है। जिला कृषि अधिकारी राज पति शुक्ल ने बताया कि वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से श्री अन्न की उपयोगिता को रोचक ढंग से समझाया जाएगा। कभी बुंदेलखंड में प्रचुर मात्रा में उगने वाले मिलेट्स सिंचित क्षेत्र बढ़ने के बाद धान.गेहूं के आगे पीछे छूट गएए लेकिन 2023 से कृषि विभाग बीज उपलब्ध कराकर किसानों को पुनः प्रोत्साहित कर रहा है। परिणामस्वरूप बीते दो वर्षों में बाजारों में श्री अन्न की वापसी दिखने लगी है। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राज कुमारए डॉ रंजीत सरोज और नोडल अधिकारी मनोज कुमार उपस्थित रहे।

## मेगा विधिक शिविर से मिलेगा अधिकारों का संबल, 22 फरवरी को विधिक जागरूकता का महाअभियान

**चित्रकूट।** माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में तथा शेषमणि शुक्लाए जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्षए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट के कुशल मार्गदर्शन में 16 फरवरी को कर्वी नगर में विधिक जागरूकता की अलख जगाई गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने शहरभर में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के बैनर.पोस्टर चस्पा कर आमजन को अधिकारों के प्रति सचेत किया। सचिव ने बताया कि 22 फरवरी को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित होगाए जहां सभी प्रशासनिक विभागों के समन्वय से महिलाओंए बालिकाओंए श्रमिकोंए गरीबों और बेसहारा बुजुर्गों के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पात्रों को दिलाया जाएगा। इसी क्रम में माननीय अध्यक्षए मॉनिटरिंग कमेटी के निर्देशन में सदस्य सचिन कुमार दीक्षित ने आश्रय गृह ;नारी निकेतनद्ध स्वरूप नगर का निरीक्षण कर चित्रकूट की बालिकाओं से संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। यह अभियान न्याय को जन.जन तक पहुँचाने की सशक्त पहल बनकर उभरा है।

# श्री राम मंडपम में विकास का मंथन, बच्चों के हक पर स्पष्ट चेतावनी

- डीबीटी की निगरानी पर सख्त संदेश
- संगोष्ठी में गूंजा जवाबदेही का बिगुल


संगोष्ठी में मौजूद अतिथिगण

**मऊ/चित्रकूट।** 16 फरवरी को ब्लॉक मऊए चित्रकूट में स्थित श्री राम मंडपम विकास और जवाबदेही के संकल्प का साक्षी बनाए जहां ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय निकाय सदस्यों की ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अविनाश चंद्र द्विवेदी ;विधायक मऊ.मानिकपुरद्ध ने डीबीटी के तहत अभिभावकों के खातों में भेजे जाने वाले 1200 रुपये के सदुपयोग पर सख्त संदेश देते हुए स्पष्ट कहा कि यह धनराशि केवल यूनिफॉर्मए जूताए बैगए स्वेटर और स्टेशनरी पर ही खर्च होनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि अमित द्विवेदीए उपजिलाधिकारी राम ऋषि रमनए खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश यादव सहित कई वक्ताओं ने पारदर्शिता और समयबद्ध कार्यसंस्कृति पर जोर दिया। अध्यक्षता कर रहे डायट प्राचार्यध्जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने डीबीटी एवं निर्वाचन सीर कार्य को तय समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उच्च प्राथमिक विद्यालय मुरका और प्राथमिक विद्यालय छिवलहा प्रथम के बच्चों ने स्वागत गीत व सरस्वती वंदना से वातावरण को ऊजार्वान बनाया। खंड शिक्षा अधिकारी केडी पांडे के विषय प्रस्तुतीकरण ने संगोष्ठी को दिशा दीए जबकि संचालन अरुण श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में प्रधान संघए एआरपीए संकुल शिक्षक और प्रधानाध्यापकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रहीए जिसने इसे शिक्षा सुधार का सशक्त मंच बना दिया।

# विदेश संदेश

# बांग्लादेश में बीजेपी की जीत ने चौंकाया, 6 सीटों पर खिला 'कमल'

## 'हाथ' का हुआ सूपड़ा साफ





**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** चुनावों में बीजेपी ने निश्चित रूप से एक सीट जीती है। लेकिन, इससे पहले कि आप कहें 'बीजेपी है तो मुमकिन है', एक छोटी सी बात ध्यान देने वाली है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बीजेपी नहीं है, बल्कि बांग्लादेश जातीय पार्टी है, जिसका संक्षिप्त नाम भारत की सत्तारूढ़ पार्टी से मिलता-जुलता है। सोशल मीडिया पर भी भ्रम की स्थिति बनी रही, जहां कुछ लोगों ने बांग्लादेशी पार्टी को भारत की बीजेपी समझ लिया।

बांग्लादेश की बीजेपी तारिक रहमान की बीएनपी की सहयोगी है। बीएनपी ने शुक्रवार को हुए चुनावों में शानदार जीत हासिल करते हुए 209 सीटें जीतीं और दो दशकों बाद बांग्लादेश में सत्ता में वापसी की। तारिक रहमान के अगले प्रधानमंत्री बनने की संभावना है। बीजेपी और बीएनपी के अन्य सहयोगी दलों ने 4 सीटें जीतकर कुल सीटों की संख्या 212 कर ली है। बीजेपी को केवल एक सीट मिली है - बारिसल मंडल का भोला-1 (सदर) निर्वाचन क्षेत्र। पार्टी प्रमुख, वकील अंदलीव रहमान पार्थो ने लगभग 30,000 वोटों के अंतर से दूसरी बार यह सीट जीती है। उन्होंने जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार नजरुल इस्लाम को हराया। आधिकारिक परिणामों के अनुसार, पार्थो को 1,05,543 वोट मिले जबकि जमात के उम्मीदवार को 75,337 वोट प्राप्त हुए।

रहमान पार्थो कौन हैं?

20 अप्रैल, 1974 को जन्मे पार्थो बांग्लादेश की राजनीति के उन युवा चेहरों में से एक हैं, जिन्होंने 2008 में भोला-1 सीट से पहली बार जीत हासिल करने के बाद प्रसिद्धि पाई। उस समय वे बांग्लादेश के सबसे युवा विपक्षी नेता और सांसद थे। उनके पिता, नाज़िउर रहमान मंजूर, एक स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने 1971 के मुक्ति संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बाद में, उन्होंने मंत्री पद संभाला और ढाका के मेयर भी रहे। उन्होंने जातीय पार्टी से अलग होकर 2001 में बांग्लादेश जातीय पार्टी की स्थापना की। पार्थो धानमंडी में पले-बढ़े और एलएलबी की पढ़ाई के लिए लंदन गए।

2008 में अपने पिता के निधन के बाद उन्होंने बीजेपी अध्यक्ष का पदभार संभाला। शेख हसीना को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद पहली बार हुए इस साल के चुनावों से पहले प्रचार के दौरान, पार्थो ने निर्वाचन क्षेत्र को 'तिलोत्तमा' यानी एक सुंदर और आधुनिक शहर में बदलने का वादा किया था। उन्होंने भोला-बरिशाल पुल, एक मेडिकल कॉलेज और घरों में गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने का भी वादा किया था।

## 'मेरे लिए बांग्लादेशियों का हित सर्वोपरि है'

**बांग्लादेश** नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी के प्रमुख तारिक रहमान ने आज संसदीय चुनाव में अपनी पार्टी की भारी जीत के बाद देश को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया। चुनाव परिणाम आने के बाद यह उनका पहला सार्वजनिक संबोधन था। अपने भाषण में उन्होंने इस जीत को लोकतंत्र के लिए बलिदान देने वाले लोगों को समर्पित किया और कहा कि देश के बड़े हित में राजनीतिक मतभेदों को अलग रखकर आगे बढ़ना होगा।

तारिक रहमान, जो अब बांग्लादेश के अगले प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, उन्होंने कहा कि देश को राजनीतिक भिन्नताओं के बावजूद एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि रास्ते और विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन देश के हित में सबको साथ रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता सामूहिक शक्ति है, जबकि बंटवारा कमजोरी साबित होता है।

अपने संबोधन की शुरूआत में रहमान ने समर्थकों का आभार जताया और जनादेश को लोकतांत्रिक आकांक्षाओं की जीत बताया। उन्होंने कहा कि आजादी पसंद और लोकतंत्र समर्थक लोगों ने एक बार फिर बीएनपी को जीत दिलाई है। यह जीत बांग्लादेश की है, लोकतंत्र की है और उन लोगों की है जिन्होंने लोकतंत्र के लिए सपना देखा और त्याग किया। उन्होंने यह भी माना कि नई सरकार के सामने कई कठिन चुनौतियां होंगी। रहमान ने कहा कि देश में लोकतंत्र की स्थापना का रास्ता तैयार हुआ है, लेकिन आगे की यात्रा आसान नहीं होगी। उन्होंने कहा कि देश ऐसी स्थिति से गुजर रहा है जहां अर्थव्यवस्था नाजुक है, संविधानिक और संस्थागत ढांचा कमजोर हुआ है और कानून व्यवस्था को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने भरोसा जताया कि नई सरकार इन मोर्चों पर सुधार के लिए काम करेगी।

संबोधन के बाद ढाका में मीडिया से बात करते हुए तारिक रहमान ने चुनावी जीत को लोकतंत्र की विजय बताया और आने वाली सरकार की प्राथमिकताएं भी गिनाईं। उन्होंने कहा कि यह जनादेश जनता का भरोसा दिखाता है और अब इस भरोसे पर खरा उतरना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सत्ता परिवर्तन के इस दौर में सतर्क रहें और शांति बनाए रखें। भारत बांग्लादेश संबंधों पर पूछे गए सवाल के जवाब में रहमान ने कहा कि उनकी विदेश नीति का आधार बांग्लादेश और यहां के लोगों का हित होगा। उन्होंने साफ कहा कि पहले देश और देशवासियों का हित आएगा और उसी के अनुसार विदेश नीति तय की जाएगी। सरकार के सामने मुख्य चुनौतियों के रूप में उन्होंने अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना, कानून व्यवस्था सुधारना और सुशासन सुनिश्चित करना गिनाया।

हम आपको बता दें कि गुरुवार को हुए संसदीय चुनाव में बीएनपी को प्रचंड बहुमत मिला। यह चुनाव वर्ष 2024 के उस हिंसक जन आंदोलन के बाद पहला आम चुनाव था, जिसके चलते पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटना पड़ा था। निर्वाचन आयोग के अनुसार बीएनपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 212 सीटें जीतीं, जबकि जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन को 77 सीटें मिलीं। शेख हसीना की अवामी लीग को इस चुनाव में भाग लेने से रोका गया था।

यह परिणाम साठ वर्ष के तारिक रहमान के लिए एक बड़ी राजनीतिक वापसी भी है। वह सत्रह वर्ष तक ब्रिटेन में निर्वासन में रहने के बाद पिछले दिसंबर में बांग्लादेश लौटे थे। वह पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के पुत्र हैं, जिनकी वर्ष 1981 में हत्या कर दी गई थी। उनकी माता खालिदा जिया तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकी हैं और लंबे समय तक देश की राजनीति का अहम चेहरा रही हैं। बीएनपी करीब दो दशक बाद सत्ता में वापस आई है, इसलिए जनता की अपेक्षाएं भी काफी ऊंची मानी जा रही हैं।

उधर, जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने पहले मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाया था, लेकिन बाद में उन्होंने हार स्वीकार कर ली। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी सतर्क, सैद्धांतिक और शांतिपूर्ण विपक्ष की भूमिका निभाएगी। हम आपको यह भी बता दें कि बांग्लादेश के निर्वाचन आयोग ने तेरहवें आम चुनाव में जीते नए सांसदों के नाम का गजट भी जारी कर दिया है, जिससे उनके शपथ ग्रहण का रास्ता साफ हो गया है। खबरों के अनुसार 300 में से 297 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए गजट जारी हुआ।

## चीन बॉर्डर पर भारत बना रहा 2 सुरंगे, जिनपिंग को लगेगा झटका!



**चीन**

**चीन** को झटका देने के लिए भारत ने एक बड़ा कदम उठाया। सीमा के पास ब्रह्मपुत्र नदी की लहरों के सैकड़ों फीट नीचे भारत सुरंग बनाने की तैयारी कर रहा है। यहां दो विशाल सुरंगे बनाई जाएंगी और चीन की हर चाल पर नजर रखी जाएगी। भारत का यह कदम चीन के लिए तगड़ा झटका है। दरअसल भारत सरकार ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे देश की पहली अंडर वाटर रोल रेल सुरंग बनाने की तैयारी में है। यह मेगा प्रोजेक्ट असम में गोपुर को नुमलीगढ़ से जोड़ेगा। इसकी अनुमानित लागत 18,600 से 19,000 करोड़ बताई जा रही है और जल्द ही केंद्रीय कैबिनेट से इसे मंजूरी मिलने की उम्मीद है। सबसे बड़ी बात कि यह सुरंग दो अलग-अलग ट्यूब में बनेगी। एक सड़क के लिए और दूसरी रेलवे लाइन के लिए। यानी गाड़ियां और ट्रेनें दोनों एक साथ नदी के नीचे से गुजर सकेंगी।

अभी ब्रह्मपुत्र पार करने में नाव या पुल के जरिए 4 से 6 1/2 घंटे तक लग जाते हैं। लेकिन सुरंग बनने के बाद यह दूरी सिर्फ 30 मिनट में तय की जा सकेगी। बाढ़, बारिश या प्राकृतिक आपदा का भी इस पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा क्योंकि यह पानी के नीचे सुरक्षित ढांचे के रूप में तैयार की जाएगी। आर्थिक नजरिए से देखें तो यह सुरंग असम और पूरे पूर्वोत्तर के लिए गेम चेंजर साबित हो सकती है।

## दुनिया में 'सत्ता की राजनीति' का नया दौर!

**जर्मनी**

**जर्मन** जर्मनचांसलर फ्रेडरिक मर्ज. ने विश्व नेताओं को एक कड़ा संदेश देते हुए कहा कि साझा नियमों पर आधारित वैश्विक व्यवस्था प्रभावी रूप से ध्वस्त हो चुकी है। विश्व नेताओं को संबोधित करते हुए मर्ज. ने कहा कि बड़े शक्ति-संबंधी राजनीति से तेजी से प्रभावित हो रहे इस युग में हमारी स्वतंत्रता की कोई गारंटी नहीं है और उन्होंने चेतावनी दी कि यूरोपीय लोगों को बलिदान देने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने अटलांटिक पार तनाव को भी स्वीकार करते हुए कहा कि यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका के




बीच एक गहरी खाई खुल गई है। मर्ज. ने म्यूनिख में एकत्रित नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे डर है कि हमें इसे और भी स्पष्ट रूप से कहना होगाः यह व्यवस्था, चाहे अपने सर्वोत्तम रूप में भी कितनी भी अपूर्ण क्यों न रही हो, अब उस स्वरूप में मौजूद नहीं है।

यह वैश्विक सुरक्षा जगत की शीर्ष हस्तियों का वार्षिक सम्मेलन था, जिसमें कई यूरोपीय नेता और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी शामिल थे। मर्ज. ने चेतावनी दी कि यूरोप अब सुरक्षा और समृद्धि को स्वतः प्राप्त होने वाली वस्तु मानकर नहीं चल सकता। उन्होंने कहा कि हमारी स्वतंत्रता की कोई गारंटी नहीं है। तर्क दिया कि प्रमुख शक्तियों के बीच प्रतिद्वंद्विता से परिभाषित इस विश्व में महाद्वीप को बलिदान करने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने शिखर सम्मेलन को एक "निर्णायक क्षण" में घटित होने वाला बताया और कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की व्यवस्था, अपने सर्वोत्तम समय में भी जितनी अपूर्ण थी, अब वैसी नहीं रही।

## यह अंतर्राष्ट्रीय दमन का मामला है

**अमेरिका**

**खालिस्तानी** अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने अंतरराष्ट्रीय दमन का निशाना बताया है। एफबीआई ने यह जानकारी तब दी जब उसने एक्स पर एक भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के बारे में पोस्ट किया, जिसने पन्नू की हत्या की साजिश रचने का अपराध स्वीकार कर लिया है। एफबीआई ने कहा निखिल गुप्ता एक अमेरिकी नागरिक के खिलाफ हत्या की साजिश में एक प्रमुख भागीदार था, एक ऐसी हत्या जिसे अमेरिकी कानून प्रवर्तन की कार्रवाई के कारण रोका गया था। एफबीआई का जिक्र स्पष्ट रूप से पन्नून की ओर था। इसमें आगे दावा किया गया कि एक अमेरिकी नागरिक केवल अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रयोग करने के कारण अंतरराष्ट्रीय दमन का निशाना बन गया।

एजेंसी ने एफबीआई के प्रति-खुफिया और जासूसी प्रभाग के सहायक निदेशक रोमन रोजहाव्स्की की ओर से जारी एक संदेश में कहा एफबीआई का संदेश स्पष्ट होना चाहिए - आप कहीं भी स्थित हों, यदि आप हमारे नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं, तो हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक आपको न्याय के कटघरे में नहीं लाया जाता।

## ट्रंप की जेलेंस्की को कड़ी चेतावनी, रूस से समझौता करो, वरना बड़ा मौका गंवा दोगे

**अमेरिका**

**कूटनीति** का विकल्प एक बार फिर सामने आ चुका है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का धैर्य अब जवाब दे रहा है। शुक्रवार को ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की पर रूस के साथ समझौता करने के लिए दबाव फिर से बढ़ा दिया, जबकि अमेरिका अगले सप्ताह दोनों देशों के दूतों के साथ वार्ता के एक और दौर की तैयारी कर रहा है। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा रूस समझौता करना चाहता है और जेलेंस्की को अब कदम उठाना होगा, अन्यथा वे एक बड़ा अवसर खो देंगे। उन्हें कदम उठाना ही होगा। ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब वाशिंगटन मंगलवार और बुधवार को जिनेवा में होने वाली वाताओं की तैयारी कर रहा है। जेलेंस्की के संचार सलाहकार दिमित्रो लिटविन ने आगामी वाताओं की पुष्टि की है।

जेनेवा में वार्ता फिर से शुरू

एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, ये वाताएं अबू धाबी में अमेरिका के नेतृत्व में हुई पिछली बैठकों के बाद हो रही हैं, जो यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र के भविष्य सहित कई प्रमुख मतभेदों को दूर करने में विफल रहीं। डोनबास क्षेत्र का अधिकांश भाग अभी भी रूस के नियंत्रण में है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सलाहकार व्लादिमीर मेदिंस्की मॉस्को प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए लौटेंगे। यूक्रेन की टीम का नेतृत्व एक बार फिर राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद



के प्रमुख रुस्तम उमेरोव करेंगे। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हुआ कि जिनेवा दौर की वार्ता में कौन से अमेरिकी अधिकारी शामिल होंगे। पिछली वाताओं में अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर शामिल थे। राजनीतिक दबाव बढ़ रहा है ट्रम्प ने कई बार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति निराशा व्यक्त की है, लेकिन जेलेंस्की की अधिक बार आलोचना की है, जिससे यह संकेत मिलता है कि कीव समझौता करने के प्रयासों में देरी कर रहा है। जेलेंस्की ने पिछले सप्ताह कहा था कि अमेरिका ने समझौते के लिए जून की समय सीमा तय की है। ट्रंप द्वारा पहले दी गई समय सीमाएँ बिना किसी बड़े परिणाम के बीत चुकी हैं। इस बीच, जेलेंस्की शुक्रवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के लिए म्यूनिख में थे, जहाँ उन्होंने जर्मन अधिकारियों से मुलाकात की और एक यूक्रेनी-जर्मन ड्रोन उत्पादन संयंत्र का दौरा किया। जर्मनी यूक्रेन के प्रमुख सैन्य समर्थकों में से एक है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
**ऑफिस मो.:**
9565333000
Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## डोनाल्ड ट्रम्प की आव्रजन नीति बनी वजह, यूएस होमलैंड सिक्योरिटी पर लटकी शटडाउन की तलवार

**अमेरिका**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आव्रजन प्रवर्तन एजेंडे पर नए प्रतिबंधों को लेकर सांसदों की बहस के चलते इस सप्ताहांत संघीय सरकार के कुछ हिस्सों में एक और शटडाउन होने की आशंका है। गृह सुरक्षा विभाग के लिए धनराशि शनिवार को समाप्त होने वाली है। डेमोक्रेट्स का कहना है कि जब तक मिनियापोलिस में पिछले महीने एलेक्स प्रीटी और रेनी गुड की घातक गोलीबारी के बाद संघीय आव्रजन अभियानों पर नए प्रतिबंध नहीं लगाए जाते, तब तक वे अतिरिक्त धनराशि को मंजूरी देने में सहयोग नहीं करेंगे। व्हाइट हाउस डेमोक्रेट्स के साथ बातचीत कर रहा था, लेकिन दोनों पक्ष सप्ताह के अंत तक किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रहे, जिससे यह तय हो गया कि विभाग के लिए धन राशि समाप्त हो जाएगी।

पिछले साल शरद ऋतु में हुए रिकॉर्ड 43 दिनों के शटडाउन के विपरीत, इस बार बंदी सीमित दायरे में ही होगी, क्योंकि केवल डीएचएस के अंतर्गत आने वाली एजेंसियां ??- जैसे आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन और सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा - ही प्रभावित होंगी। फिर भी, शटडाउन की अवधि के आधार पर, कुछ संघीय कर्मचारियों को वेतन मिलने में देरी हो सकती है। अगर लॉकडाउन कई हफ्तों तक चलता है, तो हवाईअड्डों पर यात्रियों की जांच जैसी सेवाएं भी प्रभावित हो सकती हैं। परिवहन सुरक्षा प्रशासन (टीएसए) में लगभग 95% कर्मचारियों




को आवश्यक सेवाओं में शामिल किया गया है। वे देश के वाणिज्यिक हवाई अड्डों पर यात्रियों और उनके सामान की जांच करना जारी रखेंगे। लेकिन जब तक वित्तीय संकट का समाधान नहीं हो जाता, तब तक वे बिना वेतन के काम करेंगे, जिससे यह संभावना बढ़ जाती है कि कर्मचारी छुट्टी लेंगे या बिना पूर्व सूचना के अवकाश पर जाएंगे। पिछले साल भी कई टीएसए कर्मचारियों को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ा था। टीएसए प्रशासक के कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे एक वरिष्ठ अधिकारी हा गुयेन मैकनील ने कहा, कुछ लोग अभी 43 दिनों के बंद के वित्तीय प्रभाव से उबर रहे हैं। कई लोग अभी भी इससे उबरने की कोशिश कर रहे हैं।

होमलैंड सिक्योरिटी का कामकाज क्यों ठप किया जा रहा है?

असल में, इसकी वजह यह है कि ट्रंप ने डेमोक्रेट्स की उस मांग को मान लिया है जिसमें होमलैंड सिक्योरिटी के लिए आवंटित धनराशि को व्यापक बजट से अलग करने की बात कही गई थी। ऐसा इसलिए किया गया ताकि आव्रजन प्रवर्तन में बदलाव की मांगों पर बातचीत के लिए अधिक समय मिल सके, जैसे कि संघीय एजेंटों के लिए आचार संहिता और अधिकारियों के लिए पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य करना।

होमलैंड सिक्योरिटी के लिए अस्थायी रूप से केवल 13 फरवरी तक ही धनराशि आवंटित की गई थी। बाकी संघीय सरकार के लिए धनराशि 30 सितंबर तक ही उपलब्ध है। इसका मतलब है कि खाद्य सहायता सहित अधिकांश संघीय कार्यक्रम इस नवीनतम कामकाज ठप होने से अप्रभावित रहेंगे, और अधिकांश संघीय कर्मचारियों और सैन्य कर्मियों का वेतन निर्बाध रूप से मिलता रहेगा।